दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



मेघना ने खोला कास्टिंग के राज



'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

वर्ष : 12 | अंक : 194 | लखनऊ, 08 जुलाई, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप


### दमिश्क में हुए विस्फोट राष्ट्रपति मैक्रों सुरक्षित

**दमिश्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सीरिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी दमिश्क में कई विस्फोट हुए। मैक्रों जब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे, तभी 'फोर सीजन्स होटल' के निकट विस्फोट हुए। मैक्रों इसी 'फोर सीजन्स' होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका सीरिया दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। घटनास्थल से धुएं का बड़ा गुबार भी उठता दिखाई दिया।



### होर्मुज में टैंकर पर मिसाइल से हमला, आग लगी

**दुबई।** ओमान तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार तड़के प्रक्षेपास्त्र से हमले में एक टैंकर में आग लग गई। ब्रिटेन की सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि जब जहाज जलडमरूमध्य से दक्षिण की ओर ओमान की खाड़ी की तरफ जा रहा था तब एक प्रक्षेपास्त्र जहाज के बाईं ओर आकर लगा। इस हमले से पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ा है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है। संदेह जताया गया है कि ये हमले ईरान ने किए हैं। हांलाकि अभी पुष्टि नहीं की गई है।



### पाक में आतंकी हमला 9 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक बांध परियोजना के चेकपोस्ट पर हमला हुआ। बंदूकधारियों ने नौ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी और कई अन्य लापता हैं। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी अब्दुल कुदूस ने बताया कि मंगी बांध परियोजना की रखवाली कर रहे एक चेकपोस्ट पर हमले के बाद नौ पुलिसकर्मी मारे गए हैं और कई लापता हैं। उन्होंने बताया कि कई पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारी मृतकों में शामिल हैं।



### पीएम मोदी ने इंडोनेशिया को याद दिलाए रामायण काल के रिश्ते

# भारत की नीति विस्तारवाद नहीं, विकासवाद दोनों आपसी सहयोग, विकास से आगे बढ़ेंगे



*पीएम मोदी ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत की तरह इंडोनेशिया में भी सैकड़ों भाषाएं और परंपरा है। हम दोनों ने अपने लोकतंत्र में इस विविधता को अपनी एकता की नींव बना लिया है*



इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ संसद में पीएम मोदी

**लोकतंत्र और साझा संस्कृति मजबूत रिश्तों का प्रतीक**

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया और दोनों देशों की साझा संस्कृति और विरासत पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका जिस तरह से स्वागत किया, उसे वे कभी भूल नहीं सकते। यह दोनों देशों की लोकतांत्रिक विरासत, साझा संस्कृति और दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों का प्रतीक है।

आज भारत और इंडोनेशिया इतिहास के अहम मोड़ पर खड़े हैं। आने वाले 25 साल दोनों देशों के लिए अहम हैं। आज इंडोनेशिया की महान धरती से मैं आपके सामने दोनों देशों के साझा विकास का विश्वास लेकर आया हूं। मैं संकल्प लेकर आया हूं कि भारत और इंडोनेशिया पूरी दुनिया को नई ऊर्जा से भर देंगे।

## संबंधों को नई ऊंचाई देने की अपील

पीएम ने कहा कि भारत, दुनिया का वो देश है, जो विस्तारवाद नहीं विकासवाद की नीति पर चलता है। इसलिए हम भारत में कहते हैं सबका साथ, सबका विकास। आज मैं यही मंत्र, यही भावना लेकर इंडोनेशिया के आप सभी सांसद सदस्यों के बीच आया हूं। दोनों देशों के बीच समुद्र दूरी का नहीं, बल्कि सेतु का प्रतीक है। ये हमारे साझा भविष्य का केंद्र है। मैं आपसे भारत-इंडोनेशिया के संबंधों को नई ऊंचाई देने की अपील करता हूं।

### दोनों देशों के बीच रक्त और संस्कृति के संबंध

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों का संबंध रामायण-महाभारत काल से है। हमारा संबंध नालंदा के ज्ञान से, संगीत और नृत्य से है। सदियों से पहले गुजरात से कुछ व्यापारी और सूफी संत समुद्र के रास्ते ही इंडोनेशिया आए थे। वे अपने साथ इस्लाम के विचार और इस्लाम के जीवन मूल्य भी लेकर आए। आज भी इंडोनेशिया की कला में उनकी छाप दिखाई देती है। इसलिए राष्ट्रपति सुकर्णो ने भी कहा था भारत और इंडोनेशिया के लोग रक्त और संस्कृति के संबंधों से जुड़े हैं।

### गणतंत्र दिवस के पहले मुख्य अतिथि थे राष्ट्रपति सुकर्णो

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत की तरह इंडोनेशिया में भी सैंकड़ों भाषाएं और परंपरा हैं। हम दोनों ने अपने लोकतंत्र में इस विविधता को अपनी एकता की नींव बना लिया है। 1950 में जब भारत ने पहला गणतंत्र दिवस मनाया था, उसमें पहले मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सुकर्णो ही थे। राष्ट्रपति सुकर्णो और पंडित नेहरू ने कहा था कि आजाद देशों को अपने फैसले खुद लेने का अधिकार है।*

### द्विपक्षीय व्यापार 25 अरब डॉलर

*दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25 अरब डॉलर पहुंचा है। भारत की 100 कंपनियां इंडोनेशिया में काम कर रही हैं। हालांकि आगे असीमित संभावनाएं हमारा इंतजार कर रही हैं। हम दोनों बड़ी समुद्री ताकत हैं और हम वैश्विक दक्षिण की आवाज भी हैं। भारत और इंडोनेशिया के बीच अनंत आकाश छूने का सामर्थ्य है। स्पेस टेक्नोलॉजी, क्षमता निर्माण, सैटेलाइन निर्माण में साथ काम कर सकते हैं।*

### पहलगाम हमले के समय इंडोनेशिया ने दिया साथ

*पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद जैसे विषयों पर भारत और इंडोनेशिया की एक राय रही है। पहलगाम हमले के वक्त इंडोनेशिया ने भारत का समर्थन किया। भारत और इंडोनेशिया का मानना है कि सिक्योरिटी काउंसिल में सुधार जरूरी हैं और अब इन्हें टाला नहीं जा सकता। भारत मुक्त, समावेशी हिंद प्रशांत महासागर का समर्थक है और यहां नौवहन की आजादी का समर्थन है। हमारी एक्ट ईस्ट नीति भी आसियान पर केंद्रित है। भारत और इंडोनेशिया इस दिशा में निरंतर काम करते रहें।*

### पीएम मोदी ने सुबियांतो के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

## दोनों देशों के बीच 14 एमओयू, खुलेगा आईआईएम का परिसर, यूपीआई शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार, रक्षा, समुद्री सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज, खाद्य सुरक्षा और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने पर चर्चा की। पीएम मोदी ने बताया कि भारत और इंडोनेशिया ने मंगलवार को स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में 14 समझौते किए हैं। इनमें दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर का विदेशी परिसर खोलने के लिए भी एक समझौता शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इंडोनेशिया के पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा। इससे भारतीय यात्रियों के लिए स्थानीय पेमेंट ऐप का इस्तेमाल करके इंडोनेशिया में भुगतान करना आसान हो जाएगा। पीएम मोदी ने बताया कि इसरो शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाहरी अंतरिक्ष की खोज और इंडोनेशिया के अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमता बढ़ाएगा।



### चिकित्सा और संस्कृति क्षेत्र में एमओयू

*स्वास्थ्य क्षेत्र में, भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और इंडोनेशिया की नेशनल एजेंसी ऑफ ड्रग एंड फूड कंट्रोल ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद मेडिकल उत्पादों के नियमन में सहयोग करना, वैश्विक नियामक मानकों पर जानकारी का आदान-प्रदान करना और इंडोनेशिया में भारतीय मेडिकल उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना है। दोनों देशों ने स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग पर एक कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिससे स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए फेलोशिप कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा और योग्य स्वास्थ्य कर्मियों की आवाजाही आसान होगी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति योग्याकार्ता में प्रम्बानन मंदिर के संरक्षण प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।*

### प्रमुख समझौते और सहयोग

इंडोनेशिया ने भारत में विकसित अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल खरीदने का फैसला किया। भारत, इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की अतिरिक्त बैटरियां उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा। दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत, इंडोनेशिया की जरूरतों के अनुसार विशेष ईवीएम विकसित करने में मदद करेगा। भारत, इंडोनेशिया में स्टील, निकेल और रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण में निवेश करेगा। दोनों देश सबांग पोर्ट को संयुक्त रूप से विकसित करेंगे, जिससे समुद्री संपर्क और रणनीतिक सहयोग बढ़ेगा। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और समुद्री संपर्क को मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया।

### अमेरिका ने जताई गहरी चिंता

## चीन ने अंतरमहाद्वीपीय दूरी वाली मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने चीन द्वारा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल के परीक्षण पर चिंता व्यक्त की और अपने सहयोगी देशों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट नें चीन से यह भी आग्रह किया कि वह हथियार नियंत्रण वार्ता में शामिल हो तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों (पी-5) द्वारा किए गए वादों के अनुरूप अंतरमहाद्वीपीय दूरी (आईसीबीएम) की बैलिस्टिक मिसाइलों और अंतरिक्ष प्रक्षेपणों की जानकारी देने की व्यवस्था अपनाए। चीन पी-5 का सदस्य है। चीन ने सोमवार को प्रशांत महासागर में अपनी एक परमाणु-संचालित पनडुब्बी से 'डमी' हथियार से लैस लंबी दूरी की रणनीतिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। चीन ने कहा कि यह परीक्षण पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नौसेना के वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियमित हिस्सा है।



### गर्मजोशी से किया स्वागत

## भारत पहुंचे अफगानिस्तान के मंत्री आपसी हितों के मुद्दों पर होगी चर्चा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पाकिस्तान से तनातनी के बीच अफगानिस्तान के एक मंत्री अचानक भारत पहुंच गए हैं। भारत हमेशा से अफगानिस्तान का मददगार रहा है। अफगानिस्तान के मंत्री की गर्मजोशी के साथ स्वागत की विदेश मंत्रालय ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अफगान मंत्री के दौरे की जानकारी दी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा कि अफगानिस्तान के कृषि, सिंचाई और पशुपालन मंत्री मौलवी अताउल्लाह ओमारी के नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने लिखा कि आपसी हितों के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की उम्मीद है। हाल ही में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए थे जिनकी भारत ने निंदा की थी और निर्दोष लोगों पर हुए हमलों के लिए मानवाधिकार संस्थाओं से पाकिस्तान को न्याय के कठघरे में खड़ा करने की अपील की थी।



मौलवी अताउल्लाह ओमारी

### खाड़ी देशों के दौरे के दौरान बहरीन पहुंच विदेश मंत्री जयशंकर

## राजा खलीफा और क्राउन प्रिंस से की मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से मुलाकात कर भारत-बहरीन द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से भी भेंट की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाईं।

जयशंकर ने बहरीन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए राजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत-बहरीन संबंधों को आगे बढ़ाने में राजा का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आपसी हितों के मुद्दों पर की चर्चा



राजा हमद खलीफा के साथ जयशंकर

*इससे पहले विदेश मंत्री ने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायदानी से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय घटनाक्रम और आपसी हितों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बहरीन में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया और उन्हें दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु बताया। बता दें, डॉ. जयशंकर 5 से 10 जुलाई तक कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान की यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे चरण में कतर से बहरीन पहुंचे। इस दौरान वह क्षेत्रीय नेताओं से मुलाकात कर ऊर्जा, व्यापार, निवेश, सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।*

### बुरहान की बरसी पर आतंक के आकाओं का जमावड़ा

## भारत के खिलाफ साजिश के लिए कराची में की बैठक, घाटी में 'सुरक्षा' के पुख्ता इंतजाम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी रहे बुरहान वानी की 10वीं बरसी पर कराची में आतंकियों के बड़े-बड़े आकाओं की एक गुप्त बैठक हुई। यह बैठक 5 जुलाई को लश्कर-ए-ताइबा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) के मुख्यालय में हुई।

बैठक में जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों से संबंधित 14 बड़े आतंकियों और आईएसआई से ताल्लुक रखने वालों ने शिरकत की। बैठक में बुरहान वानी की बरसी पर भारत विरोधी साजिश रची गई। इसमें कश्मीर घाटी के हिस्सों में बड़ी वारदातों को अंजाम देने के लिए युवाओं को हथियार पहुंचाने का टास्क सौंपा गया।



बैठक में शामिल आतंकी

### नापाक हरकत नहीं होने देंगे

*बुरहान वानी के नाम पर घाटी में माहौल बिगाड़े जाने की साजिश का खुफिया इनपुट केंद्र सरकार से साझा किया जा चुका है। इसके साथ कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों को भी इसकी जानकारी साझा की गई है। इसके मद्देनजर समूची कश्मीर घाटी में सुरक्षा के इंतजाम चाकचौबंद हैं। सुरक्षा एजेंसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किसी तरीके की कोई भी नापाक हरकत पाकिस्तान की ओर से नहीं होने दी जाएगी। सुरक्षा बल और खुफिया एजेंसियों की मुस्तैदी घाटी में लगातार बनी हुई है।*

### अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में गुजरात हाई कोर्ट का फैसला

# 38 दोषियों को सजा-ए-मौत और 11 को उम्रकैद बरकरार

**राज्य सरकार पीड़ितों को मुआवजा दे**

**भुगतान 31 मार्च, 2027 तक हो जाए**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया।यह भुगतान 31 मार्च, 2027 तक किया जाना अनिवार्य है। बता दें, 26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद शहर में कई ब्लास्ट हुए थे। इसके दो दिन बाद सूरत में भी बम मिले थे। शहर की क्राइम ब्रांच की जांच में 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया था। कुल 78 लोगों पर मुकदमा चलाया गया।



गुजरात हाई कोर्ट

### मामले की सुनवाई मार्च 2027 से प्रतिदिन हो रही

*गुजरात हाई कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को सरकारी वकील ने कहा कि इस मामले की सुनवाई मार्च 2025 से रोजाना हो रही थी। आज गुजरात हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपना फैसला सुनाया। ये स्पष्ट है कि गुजरात हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा 38 दोषियों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उन 11 दोषियों की अपील भी खारिज कर दी है, जिन्हें मौत की सजा के बजाय उम्रकैद (जब तक वे जीवित रहेंगे, तब तक जेल में रहेंगे) की सजा सुनाई गई थी।*

### 1, 5 और 10 लाख रुपए का मुआवजा

*सरकारी वकील ने बताया कि गुजरात हाई कोर्ट ने आतंकवाद की घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को 1 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।*

### विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था

*फरवरी 2022 में, एक विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था। वहीं, 28 अन्य को बरी कर दिया गया था। बरी किए गए लोगों में मुबीन शेख और मंसूर पीरभॉय शामिल थे। इन पर साजिश रचने और धमकी भरे ईमेल भेजने का आरोप था। उन्होंने आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी ली थी। ट्रायल कोर्ट ने एक अप्रूवर को माफ कर दिया था। चार अन्य अप्रूवर, जिन्होंने बाद में अपने बयान वापस ले लिए थे, उन्हें दोषी ठहराया गया।*

# पिटाई से घायल युवक की मौत

## नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने रोड पर शव रखकर रोड को किया जाम

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों मामूली बात पर हुई पिटाई से घायल युवक की मंगलवार तड़के मौत हो गई। जिससे नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने रोड पर शव रखकर जाम प्रदर्शन कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस के काफी समझाने पर कई घंटे बाद वह माने। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंथरा के मवई पड़ियाना निवासी रामकुमार रावत के मुताबिक उसका बड़ा बेटा जितेन्द्र कुमार (32) मजदूरी करता था। जितेन्द्र बीती 27 जून शनिवार को अपनी बाइक बनवाने घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मवई चौराहे पर जा रहा था। तभी रास्ते में सामने से आ रही गांव के महिपाल रावत की एक बकरी को उसकी बाइक से मामूली टक्कर लग गई। आरोप है कि इसपर महिपाल और उसके भतीजे अनीस ने जितेन्द्र की डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। सिर में डंडा लगने से जितेंद्र का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। बाद में सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने जितेन्द्र को दुबग्गा स्थित न्यू लखनऊ सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। परिजनों का कहना है कि बाद में वह बंथरा थाने पर मुकदमा दर्ज कराने गए तो वहां पुलिस ने आरोपी पक्ष से घायल के इलाज का खर्च दिलाने की बात कहकर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी पक्ष ने आधा अधूरा इलाज कराकर अस्पताल में पैसे देना बंद कर दिया, जिस पर अस्पताल प्रशासन ने सोमवार शाम जितेंद्र की अस्पताल से छुट्टी कर दी। तब परिजन जितेन्द्र को उसकी बहन पिंकी के घर खुशहालगंज लेकर चले आए, जहां मंगलवार तड़के करीब 4 बजे जितेन्द्र की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि इसके बाद वह सुबह करीब 6 बजे बंथरा थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। जिसके बाद उन्होंने सुबह करीब 8 बजे गांव के पास फतेहगंज - नारायणपुर रोड स्थित मवई चौराहे पर जितेंद्र का शव रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह अपनी पूरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया, मगर परिजन और ग्रामीण नहीं माने। उसके बाद एसीपी कृष्णानगर अभिषेक कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन जाम प्रदर्शन कर रहे लोग मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद के रूपमें 40 लाख रुपए के अलावा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। हालांकि बाद में पुलिस ने मृतक के पिता रामकुमार की तहरीर पर महिपाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे लोग एफआईआर में दो अन्य आरोपियों के नाम बढ़ाए जाने के साथ उनकी जल्द गिरफ्तारी करने की मांग करने लगे। हालाकि बाद में एसीपी ने एफआईआर कॉपी दिखाने के साथ अन्य दो आरोपियों के नाम बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। तब दोपहर करीब 1:30 बजे जाम प्रदर्शन खत्म हो सका। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बेखौफ चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर गहने और लाखों की नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक थोक किराना व्यापारी के बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत के गहने और लाखों रुपए की नगदी चोरी कर ली। लेकिन घटना के दौरान मौके पर पहुंचे मकान मालिक ने ग्रामीणों की मदद से दो चोरों को धर दबोचा और उनकी जमकर धुनाई करने बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। बंथरा थाना क्षेत्र के बंथरा बाजार निवासी संतोष कुमार गुप्ता किराने का थोक व्यवसाय करते हैं। संतोष के मुताबिक सोमवार को उनके भतीजे प्रियांशु गुप्ता की काकोरी थाना क्षेत्र के मोहान रोड पर घुरघुरी तालाब स्थित अभिनंदन रिसोर्ट में हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम था।इस कार्यक्रम में पूरा परिवार घर में ताला बंद कर शामिल होने गया था। संतोष का कहना है कि वहां कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब 2 बजे जब वह परिवार सहित घर लौटे तो घर के ताले टूटे होने के साथ अन्दर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। जबकि दो कमरों में अंदर रखे 5 लाख रुपए की नगदी, 300 ग्राम सोने और 2 किलो चांदी के गहने गायब मिले। इस बीच परिवार के सभी लोग घर के बाहर घटना को लेकर बातचीत करने लगे, तभी मकान की तीसरी मंजिल पर अचानक आवाज आते ही संतोष गुप्ता के भाई पुरुषोत्तम ने आसपास के लोगों को बुलाया और घटना की जानकारी देते हुए उन्हें लेकर तीसरी मंजिल पर पहुंच गए। बाद में कमरे के अंदर दो युवकों को रंगे हाथों धर दबोचा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने दोनों की जमकर धुनाई भी कर दी। जिससे वह चोटिल हो गए। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम कानपुर जिले के ग्वालटोली थाना अंतर्गत ग्वालटोली मकबरा निवासी मोनिस अब्बास और मो. आसिफ बताया। मौके पर दोनों के पास से 15000 रुपये और चांदी के करीब 100 ग्राम गहने बरामद हुए। ग्रामीणों की पूछताछ में उन्होंने घटना अंजाम देने की बात कबूलते हुए बताया कि घटना अंजाम देने में उनके कुछ अन्य साथी भी शामिल थे। जो कुछ गहने और नगदी लेकर कार सहित फरार हो गए हैं।संतोष के मुताबिक पकड़े गए दोनों युवकों के पास से तीन मोबाइल और एक स्कूटी भी बरामद हुई। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया।फिलहाल पुलिस पीड़ित संतोष की तहरीर पर दोनों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन करने के साथ उनसे पूछताछ कर रही है।

# खराब मौसम के कारण दिल्ली की अंतरराष्ट्रीय उड़ान लखनऊ एयरपोर्ट डायवर्ट



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। मंगलवार दोपहर दिल्ली का मौसम अचानक खराब हो जाने के कारण दिल्ली में उतरने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को डायवर्ट कर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। करीब डेढ़ घंटे तक यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा रहा। बाद में मौसम सही होने पर इसे दिल्ली रवाना कर दिया गया।एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि मंगलवार दोपहर दिल्ली का मौसम अचानक खराब हो गया। जिसकी वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान संचालन में दिक्कत आ गई। इसके कारण मस्कट से दोपहर बाद 3:10 बजे दिल्ली पहुंचने वाली ओमान एयर की उड़ान (डब्ल्यू वाई 245) को लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर दोपहर 3:35 बजे उतरा। विमान में कुल 160 यात्री सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर यह विमान काफी देर तक खड़ा रहा। बाद में दिल्ली का मौसम सही होने पर इसे शाम 5 बजे लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। विमान डायवर्ट होने से उस पर सवार यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा और वह समय से गंतव्य नहीं पहुंच सके।

# लखनऊ में 'आईवीएफ में जेनेटिक टेस्टिंग' विषय पर सीएमई कार्यक्रम आयोजित

## सीड्स आईवीएफ एवं खुशी फॉउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई सीएमई


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार हो रहे आधुनिक बदलावों और नई तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजधानी लखनऊ के प्रतिष्ठित होटल क्लार्क अवध में ह्लआईवीएफ में जेनेटिक टेस्टिंग के अनुप्रयोगह्व विषय पर एक विशेष सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएमएस, लखनऊ किरण कुमारी दास रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में आधुनिक चिकित्सा तकनीकें स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बना रही हैं। उन्होंने चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान एवं सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का समावेश भविष्य की बड़ी आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधांशु दीक्षित उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आईवीएफ उपचार में जेनेटिक टेस्टिंग की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने इस प्रकार के वैज्ञानिक आयोजनों को चिकित्सा जगत के लिए उपयोगी बताते हुए आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. दिशा दत्ता चौधरी ने विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आईवीएफ एवं जेनेटिक टेस्टिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से निःसंतान दंपत्तियों को नई उम्मीद मिल रही है। इससे न केवल सफल गर्भधारण की संभावना बढ़ती है, बल्कि अनुवांशिक बीमारियों की रोकथाम में भी सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सही जानकारी के अभाव में कई लोग इन सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते, इसलिए इस प्रकार के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक कार्यक्रम समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं इस दौरान सीड्स आईवीएफ से संतोष चौधरी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं, बल्कि लोगों को सही जानकारी और भावनात्मक सहयोग उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने बताया कि सीड्स आईवीएफ आधुनिक तकनीकों एवं अनुभवी विशेषज्ञों की सहायता से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सीएमई कार्यक्रम चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ समाज में सकारात्मक स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का भी माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों ने सक्रिय सहभागिता की तथा विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। वहीं विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों से डॉक्टर्स ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में खुशी फॉउण्डेशन की ओर से सोशल मेडिकल ट्रेनर डॉ. विनीता ने संस्था द्वारा चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डॉ. द्विवेदी ने बताया कि खुशी फॉउण्डेशन द्वारा देशभर में निरंतर सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट, प्राथमिक उपचार सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य आम नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों तथा विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि फॉउण्डेशन स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में जनसेवा के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान और जनहित कार्यक्रम संचालित कर रहा है। डॉ. विनीता इन प्रशिक्षण अभियानों का नेतृत्व करते हुए जन-जागरूकता को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम का आयोजन सीड्स आईवीएफ एवं खुशी फॉउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में खुशी फॉउण्डेशन की सचिव ऋचा द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कई चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों को सम्मानित भी किया गया। अतिथियों ने सम्मानित चिकित्सकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीकों के अधिकाधिक उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।



# पहले लोग मुझे नकारते थे, 34 साल बाद मेरे हालात बदले : रवि किशन

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** एक्टर-नेता रवि किशन अभी रियलिटी शो 'अलायंस' का हिस्सा हैं, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी रिवा किशन के साथ हिस्सा लिया है। कुणाल खेमू के होस्ट किए गए इस शो को हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया।

पहले एपिसोड में, रवि को फिल्म इंडस्ट्री में सालों तक मिले रिजेक्शन को याद करते हुए देखा गया और बताया गया कि कैसे 34 साल बाद उन्हें सफलता मिली। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में जब इंडस्ट्री में नए-नए स्टार्स आ रहे थे, तब पूरी तरह तैयार और ट्रेंड होने के बावजूद उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने माना कि इस दौर में उन्हें लगा कि वह पीछे छूट गए हैं, फिर भी उन्हें भरोसा था कि उनका समय भी जरूर आएगा। कंटेस्टेंट्स से बात करते हुए रवि किशन ने इंडस्ट्री में अपने लंबे और मुश्किल सफर के बारे में खुलकर बताया। उन्होंने कहा, 'ऐसे ही लोग पहले मुझे नकारते थे। 90 के दशक में स्टार्स बनते जा रहे थे। मैं उन्हें देख सकता थाङ्क मेरी आवाज अच्छी थी, मैं प्रशिक्षित था, घुड़सवारी, लड़ाई, ये, उर्दू, हिंदी, सब कुछ, थिएटर, डांस। पूरी तैयारी थी। मैं पूरी तरह तैयार था। उसके बाद भी देख रहा हूं, मैं पीछे रह गया। सब आगे चले गए। यह बताते हुए कि 34 साल बाद हालात कैसे बदल गए, रवि किशन ने कहा, 'उस साल मैंने 'बेस्ट एक्टर' के सभी अवॉर्ड जीते। मैं उन सभी मंचों पर गया जहां लोग मुझे कभी नहीं बुलाते थे। उन्होंने हमेशा मुझे ठुकराया था। किसी को यकीन नहीं था कि मैं कभी कुछ हासिल कर पाऊंगा।

### उनका समय आया तो मेरा भी आयेगा

एक्टर ने आगे बताया कि जब वे अपने साथियों को सफल होते देखते थे, तब उन्हें अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। हालांकि, वे आशावादी बने रहे, लेकिन उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि उनकी सफलता में कई दशक लग जाएंगे। उन्होंने कहा, 'उनका समय आ गया तो मेरा भी आएगा। लेकिन मेरा 34 साल बाद आएगा ये नहीं मालूम था।'

### सफलता बड़े पैमाने पर मिली

रवि किशन ने आगे कहा कि जब उन्हें आखिरकार सफलता मिली, तो वह बहुत बड़े पैमाने पर मिली। उन्होंने एक ही साल में कई 'बेस्ट एक्टर' अवॉर्ड जीतने और उन स्टेज और इवेंट्स में बुलाए जाने को याद किया, जहां उन्हें पहले शामिल नहीं किया जाता था। उनके मुताबिक, इन पलों ने उनके करियर में एक अहम मोड़ ला दिया।


### रवि किशन के करियर की कुछ बड़ी फिल्में

रवि किशन के करियर का यह दौर बहुत शानदार चल रहा है और उनके हालिया काम की काफी तारीफ हो रही है। किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में उनके रोल के लिए क्रिटिक्स और लोगों, दोनों ने उनकी काफी तारीफ की। वहीं वेब सीरीज 'मामला लीगल है' में भी उनके काम को पसंद किया गया। उन्हें 'मां बहन' और 'भाभीजी घर पर हैं ! फन ऑन द रन' में भी देखा गया।

## भोजपुरी गाना 'रशियन से कम नईखी' रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की टैलेंटेड एक्ट्रेस नीलम गिरी का नया गाना आया है जो सोशल मीडिया पर भी खूब धूम मचा रहा है। इस गाने के बोल हैं 'रशियन से कम नईखी'। इसमें नीलम अपने अब तक के सबसे अलग अंदाज में नजर आ रही हैं और उनका लुक भी काफी शानदार है। नीलम गिरी के फैंस वीडियो पर खूब कमेंट कर रहे हैं। गाने में उनके साथ प्रवेश लाल यादव भी दिख रहे हैं जो काफी हैंडसम लग रहे हैं। नीलम गिरी के नए गाने 'रशियन से कम नईखी' पर अब तक 259,808 व्यूज आ चुके हैं और उनके फैंस भी खूब प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया- भोजपुरी की शकीरा। अब तक का बेस्ट सॉन्ग। एक ने लिखा- नीलम गिरी, टीआरपी क्वीन, गाना 10 बार सुन चुका हूं। एक फैन ने लिखा- रशियन से कहां आपकी तुलना, आप कहीं ऊपर हैं। एक ने लिखा- बिल्कुल सही गाना, आप रशियन से कम नहीं। नीलम गिरी उत्तर प्रदेश के बलिया की रहने वाली हैं। उनके दो छोटे जुड़वां भाई और एक बड़ी बहन हैं। उनके पिता की हार्डवेयर की दुकान थी। उन्होंने पटना के सेंट माइकल्स स्कूल से पढ़ाई की और वहीं से ग्रेजुएशन भी किया। नीलम का अपने परिवार के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और वह अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। नीलम को हमेशा से एक्टिंग और डांसिंग का शौक था। कई लोगों की तरह, उन्होंने भी टिकटॉक पर वीडियो पोस्ट करना शुरू किया। उनके टिकटॉक वीडियो भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की नजर में आए, जिन्होंने उन्हें म्यूजिक वीडियो 'धनिया हमार नया बड़ी हो' में काम करने का मौका दिया। यह गाना जल्द ही लोगों का पसंदीदा बन गया और नीलम ने अपनी परफॉर्मेंस और स्क्रीन प्रेजेंस से सबका ध्यान खींचा। नीलम गिरी भोजपुरी म्यूजिक वीडियो की दुनिया में एक जाना-माना चेहरा बन गई हैं। उन्होंने खेसारी लाल यादव, प्रवेश लाल यादव और पवन सिंह जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

# इस महीने दो बार रखा जायेगा रवि प्रदोष व्रत, बन रहा दुर्लभ संयोग



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में भगवान शिव की साधना के लिए प्रदोष व्रत को सर्वश्रेष्ठ माना गया है. मान्यता है कि जो भक्त पूरी श्रद्धा और नियम के साथ प्रदोष काल में महादेव की आराधना करते हैं, उनके जीवन के सभी संकट और दुख-दरिद्र पल भर में दूर हो जाते हैं. आमतौर पर हर महीने में दो प्रदोष व्रत आते हैं, लेकिन इस बार जुलाई का महीना शिव भक्तों के लिए बेहद खास और सौभाग्य लेकर आ रहा है।

इस महीने एक बहुत ही दुर्लभ और पावन संयोग बन रहा है. जुलाई के महीने में दोनों ही प्रदोष व्रत रविवार के दिन पड़ रहे हैं, जिसके कारण एक ही महीने में दो रवि प्रदोष व्रत का महासंयोग देखने को मिलेगा। जब प्रदोष व्रत रविवार के दिन पड़ता है, तो इसे रवि प्रदोष कहा जाता है. यह व्रत शिव जी के साथ-साथ सूर्य देव की कृपा पाने के लिए भी अचूक माना जाता है।

**पहला रवि प्रदोष व्रत कब है:** पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 12 जुलाई 2026 को सुबह 2 बजकर 04 मिनट पर होगा और इसका समापन उसी दिन रात 10 बजकर 29 मिनट पर होगा. इसलिए पहला रवि प्रदोष व्रत 12 जुलाई 2026, रविवार को रखा जाएगा. इस दिन भगवान शिव की पूजा के लिए प्रदोष काल शाम 7 बजकर 22 मिनट से रात 9 बजकर 24 मिनट तक रहेगा. मान्यता है कि इसी समय विधि-विधान से शिव पूजन और अभिषेक करने से विशेष फल की मिलता है।

**दूसरा रवि प्रदोष व्रत कब पड़ेगा:** जुलाई का दूसरा रवि प्रदोष व्रत 26 जुलाई 2026, रविवार को पड़ेगा. यह आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी का प्रदोष व्रत होगा. इस दिन प्रदोष काल शाम 7 बजकर 16 मिनट से रात 9 बजकर 21 मिनट तक रहेगा. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस शुभ समय में भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और मंत्र जाप करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

**रवि प्रदोष व्रत की पूजा विधि:** रवि प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें. इसके बाद व्रत का संकल्प लें और पूरे दिन सात्विक जीवनशैली अपनाएं. प्रदोष काल में भगवान शिव के शिवलिंग का गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी और शक्कर से अभिषेक करें. इसके बाद बेलपत्र, धतूरा, भांग, सफेद फूल और फल अर्पित करें. पूजा के दौरान ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करें और शिव चालीसा या शिव स्तुति का पाठ करें. आखिर में भगवान शिव और माता पार्वती की आरती करें और अपनी मनोकामना उनके चरणों में अर्पित करें।

**जुलाई का यह संयोग क्यों माना जा रहा है खास:** आमतौर पर हर महीने प्रदोष व्रत दो बार आता है, लेकिन रविवार के दिन पड़ने वाला रवि प्रदोष व्रत हर बार नहीं बनता. जुलाई 2026 में संयोग ऐसा बन रहा है कि महीने के दोनों प्रदोष व्रत रविवार को पड़ रहे हैं. यही वजह है कि श्रद्धालुओं को एक ही महीने में दो बार रवि प्रदोष व्रत रखने और भगवान शिव व सूर्य देव की विशेष कृपा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**रवि प्रदोष व्रत का महत्व:** रवि प्रदोष व्रत भगवान शिव और सूर्य देव दोनों की कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और सच्चे मन से पूजा करने से पापों का नाश होता है, ग्रह दोष शांत होते हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर हो या मान-सम्मान, स्वास्थ्य और करियर से जुड़ी परेशानियां हों, उनके लिए भी यह व्रत शुभ माना जाता है।

## सावन में दान करने से मिलती है भोलेनाथ की विशेष कृपा

अमन लेखनी समाचार





**लखनऊ।** देवों के देव महादेव को समर्पित सावन का पवित्र महीना इस बार 30 जुलाई 2026 से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगा। इस पवित्र महीने में शिव भक्त ना सिर्फ जलाभिषेक और कावड़ यात्रा करते हैं, बल्कि दान-पुण्य के माध्यम से भी भोलेनाथ की विशेष कृपा पाने की कोशिश करते हैं। सावन में किया गया दान सामान्य दान से कई गुना अधिक फलदायी माना जाता है। इन दानों से ग्रह दोष शांत होते हैं, किस्मत चमकती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

**सावन में दान का महत्व:** सावन में दान करने का अपना अलग महत्व है। मान्यता है कि इस महीने में भगवान शिव सीधे भक्तों की मनोकामनाएं सुनते हैं। जो व्यक्ति सच्चे मन से दान करता है, उसे ना सिर्फ वांछित फल मिलता है बल्कि आने वाली परेशानियां भी कम हो जाती हैं। सावन का दान ग्रहों की कमजोर स्थिति को सुधारने में भी सहायक सिद्ध होता है। इसलिए इस महीने कुछ खास चीजों का दान करने से भोलेनाथ की कृपा जल्दी प्राप्त होती है।

**चावल, चीनी और सफेद वस्त्र का दान:** अगर आप मानसिक तनाव, चिंता, नींद नहीं आना या भावनात्मक अस्थिरता से गुजर रहे हैं, तो चंद्रमा की स्थिति कमजोर हो सकती है। सावन में चावल, चीनी और सफेद कपड़े का दान करने से चंद्रमा बलवान होता है। ये चीजें किसी ब्राह्मण या गरीब व्यक्ति को दान करें। ऐसा करने से मन शांत होता है, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक शांति मिलती है।

**हरी चीजों का दान:** नौकरी में तरक्की नहीं होना, व्यापार में रुकावट या पढ़ाई में मन नहीं लगना बुध ग्रह की कमजोरी का संकेत हो सकता है। सावन के महीने में साबुत मूंग, हरी सब्जियां और हरे फलों का दान करने से बुध ग्रह मजबूत होता है। ये दान बुद्धि को तेज करते हैं और व्यवसाय या नौकरी में सफलता दिलाते हैं। हरी वस्तुओं का दान करने से व्यक्ति की सोच साफ होती है और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है।

**काले तिल और शनि संबंधी दान:** शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही हो, तो जीवन में कई तरह की परेशानियां आती हैं। सावन में काले तिल, काली उड़द, छाता, चमड़े के जूते या कंबल का दान करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। ये दान व्यक्ति को शनि के कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं और जीवन में स्थिरता लाते हैं। शनि की कृपा से व्यक्ति मेहनत का सही फल पाने लगता है।

**नमक का दान:** जीवन में लगातार परेशानियां आ रही हों और कोई हल नहीं निकल रहा हो, तो नमक का दान करें। नमक शनि से जुड़ा माना जाता है। सावन में नमक दान करने से शनि की पीड़ा कम होती है। इससे आर्थिक स्थिति सुधरती है और घर में सुख-समृद्धि आती है। नमक दान करने से अन्य ग्रह दोष भी प्रभावित होते हैं। सावन में दान सच्चे मन और श्रद्धा से करें। दान ब्राह्मण या जरूरतमंद को ही करें। दान के बाद भगवान शिव का ध्यान करें और 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। इन उपायों को नियमित करने से भोलेनाथ की कृपा मिलती है और जीवन की सारी बाधाएं दूर होती हैं।

## संक्षेप

### आम तोड़ रहा अधेड़ पेड़ से नीचे गिरा मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा में आम तोड़ते समय पेड़ से गिरने से अधेड़ युवक की मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई कस्बा के सराय सुजात अली निवासी राम सिंह 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामनरेश यादव मंगलवार दोपहर को कस्बा स्थित अपने आम के बाग में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी उसका अचानक पैर फिसल गया और वो पेड़ के नीचे गिर गया घायल को परिजन निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक के छोटे भाई राम जस ने बताया कि मृतक की शादी नहीं हुई थी माता पिता की मौत के बाद वो परिवार के साथ रहते थे परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

### नहर पुल के पास मिला नवजात शिशु का शव मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के केदारखेड़ा के पास शारदा सहायक पुरवा ब्रांच नहर पुल के पास मृत नवजात शिशु मिला । ग्रामीणों की सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर आप पास क्षेत्र मे जानकारी जुटाई । लेकिन कोई पता नहीं चल सका । ग्रामीणों ने चर्चा है कि किसी महिला ने लोकलाज के डर के कारण मृत अवस्था मे नहर में फेका गया है ।वही यह भी चर्चा है कि नवजात शिशु कहीं और फेंका गया हो और बह कर यहां तक आ गयाहो । नवजात शिशु मिलने की सुचना पूरे क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना रहा । इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि नहर मे मृत अवस्था मे नवजात शिशु मिला है । शंका है कि कहीं से बह कर आया हो ।

### कूड़ा गाड़ी से कार की टक्कर सफाई कर्मचारी को पीटा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी मोड़ते वक्त कार में टक्कर हो जाने पर कार मलिक ने सफाई कर्मचारी की धुनाई कर दी पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया ह्ल कस्बे के मुहल्ला पीरजादीगढ़ी निवासी विष्णु कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह नगर पंचायत पुरवा में आउट सोर्सिंग कर्मचारी है ।मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे नगर पंचायत से कूड़ा गाड़ी लेकर मुहल्ला शीतलगंज पश्चिम में घर घर कूड़ा भरने जा रहा था ।तभी मुहल्ले में ही कूड़ा गाड़ी मोड़ते समय पीछे खड़ी एक कार में टकरा गई ।जिसपर कार सवार शीतलगंज निवासी रमेश कुमार गाली गलौज करने लगे ।विरोध करने पर वह और पास में मौजूद उसका भांजा अनुज चाकू से हमला कर मारने पीटने लगे। जिससे वह घायल हो गया ।शोर सुनकर आसपास के लोगो ने किसी तरह बचाया ।कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि सफाई कर्मचारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है

# राज्यमंत्री उच्च शिक्षा / प्रभारी मंत्री जनपद ने उद्यमियों एवं व्यापारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राज्यमंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री उन्नाव रजनी तिवारी ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में जनपद के उद्यमियों एवं व्यापारियों के साथ समीक्षा बैठक एवं वार्ता की।

इस अवसर पर मंत्री जी ने उद्यमियों/व्यापारियों की नक्शा पास कराने, औद्योगिक क्षेत्र की खराब सड़क, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा एवं विकास से संबंधित समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया।

बैठक में मंत्री जी ने उद्योग एवं व्यापार से जुड़े पदाधिकारियों से एक-एक कर बातचीत की। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में कोई बड़ी समस्या नहीं है। व्यापारी भयमुक्त एवं स्वच्छंद होकर कार्य कर रहे हैं। उनकी समस्याओं का निस्तारण समय-समय पर जिलाधिकारी द्वारा बुलाई जाने वाली बैठकों में कराया जा रहा है।

मंत्री जी ने कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों के हितों के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आप सभी भयमुक्त होकर अपना व्यापार एवं उद्योग संचालित करें। कोई भी समस्या होगी तो उसका शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्यमियों एवं व्यापारियों को एनओसी समय से मिले, औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव न हो और नक्शा स्वीकृत करने की व्यवस्था तुरंत हो, इसे प्राथमिकता पर ठीक कराया जाएगा। बिजली से संबंधित जर्जर ट्रांसफार्मर एवं तारों को बदलने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। भू-राजस्व संबंधी समस्याओं का भी निस्तारण किया जाएगा। उद्यमियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्नाव जनपद औद्योगिक क्षेत्र का हब है, इसे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा बताई गई समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने का आश्वासन माननीय मंत्री को दिया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुराग अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण, पर्यावरण गोष्ठी एवं आम भंडारे का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। वन विभाग की बांगरमऊ रेंज द्वारा आज विकासखंड सफीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय, मुण्डा में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत एक भव्य और संदेशपरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण गोष्ठी और एक अनूठे 'आम भंडारे' का आयोजन कर स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण करके किया गया। वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे रोपे और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के उपरांत आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में वक्ताओं ने वर्तमान समय में मंडरा रहे पर्यावरणीय खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। गोष्ठी में वक्ताओं ने बताया कि किस तरह अनियंत्रित शहरीकरण और पेड़ों की कटाई से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर हमारे मौसम चक्र पर पड़ रहा है। इसका एकमात्र समाधान अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। बच्चों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने और सिंगल-यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने की शपथ दिलाई गई। ?इस कार्यक्रम की एक और खास बात यहाँ आयोजित किया गया 'आम भंडारा' रहा। उपस्थित बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु के इस विशेष फल का स्वाद चखने का अवसर मिला। इस आयोजन का उद्देश्य प्रकृति द्वारा दिए गए उपहारों के प्रति आभार व्यक्त करना और लोगों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस सफल कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहयोगी शिक्षक स्टाफ, वन विभाग के स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और उत्साही स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और रोपे गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली।

# विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला मायके पक्ष ने हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के कब्बा खेड़ा स्थित विकास नगर में मंगलवार दोपहर 40 वर्षीय महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

मृतका की पहचान गुंजन मिश्रा के रूप में हुई है। उनके पति हेमंत मिश्रा ITBP में तैनात हैं। दोनों की 2 बेटियां हैं। गुंजन का मायका फतेहपुर चौरासी के लवानी गांव में है। घटना की सूचना पर मायके वाले मौके पर पहुंचे। मृतका के भाई अनिल मिश्रा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के 12 साल से गुंजन को दहेज और अन्य बातों को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार मारपीट भी हुई। पहले भी विवाद के चलते महिला थाने में शिकायत हुई थी, जिसे बाद में वापस ले लिया गया था।

परिजनों ने आत्महत्या की बात से इनकार करते हुए कहा कि गुंजन की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है। उन्हें ससुराल वालों ने फोन पर सूचना दी थी।

पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मायके पक्ष ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# कोचिंग-लाइब्रेरी की सघन जांच, खामियों पर सुधार के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव के आदेश पर मंगलवार को तहसील क्षेत्र की कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरियों की गहन जांच की गई। संयुक्त टीम ने पंजीकरण से लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं तक हर बिंदु खंगाला।

नायब तहसीलदार भारत सिंह के नेतृत्व वाली टीम में फायर ब्रिगेड से सरदार खान, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से सारिका, वढढउछ से प्रदीप कुमार व रमेश रावत, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शिवा शुक्ला और पुलिस बल शामिल रहे।

टीम ने सिमरन कोचिंग सेंटर व कंप्यूटर इंस्टीट्यूट भवानीगंज, सम्राट लाइब्रेरी कालूखेड़ा, ज्ञानोदय लाइब्रेरी कालूखेड़ा, बाला जी कंप्यूटर सेंटर कांथा, रीडर्स स्पेस लाइब्रेरी असोहा सहित अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान संस्थानों के पंजीकरण, छात्र सुविधाओं, अग्नि सुरक्षा, सीसीटीवी, आपातकालीन निकास, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और फीस के अभिलेखों का परीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने संचालकों को शासन के दिशा-निदेशों और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। जिन जगहों पर कमियां मिलीं उन्हें तय समय में दूर करने को कहा गया। विशेष रूप से बेसमेंट में किसी भी शैक्षणिक गतिविधि पर रोक लगाने और सभी सुरक्षा मानकों को लागू करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत पोल से टकराया बाइक सवार युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। देर रात घर लौटते समय बाइक सवार युवक विधुत पोल से टकराकर घायल हो गया जिसे अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया हादसे की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।

बांगरमऊ के गांव जाफराबाद निवासी 35 वर्षीय श्यामू उर्फ नीतू पुत्र विश्वनाथ सोमवार की देर शाम घर लौट रहा था तभी रास्ते में गांव देवीदीन पुरवा के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे लगे विधुत पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे के बाद मरणासन्न हालत में उसे बांगरमऊ के अस्पताल ले जाया गया जहां के डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा घटना की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।

मृतक अविवाहित था जो गांव में रहकर खेती किसानी के सहारे जीवन व्यतीत कर रहा था ,घटना से मां विद्यावती व तीन अन्य भाई जितेंद्र कुमार,शैलेन्द्र कुमार व एस पी सभी का रोकर बुरा हाल है।

हादसे को लेकर ग्रामीणों में चचाओं का दौर जारी है।

# सीनियर डाक्टर की टीम ने दिखा दिया डाक्टर के साथ इंसानियत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। डाक्टर सुरेंद्र पटेल के मुताबिक मरीज के शरीर में जहरीले पदार्थ के कारण दिल काम करना बंद कर दिया था सीपीआर द्वारा मरीज को पुनः जीवित किया गया मरीज को राहत देखते हुए विना देर किए वेंटिलेटर पर रखा गया इसी प्रकार मरीज के साथ दो से तीन बार दिल काम करना बंद कर दिया लेकिन सीपीआर द्वारा मरीज को जीवनदान जैसा मिलता रहा । मरीज को दिल के साथ मस्तिष्क ( हेड इंजरी ) तकलीफ होने के कारण इलाज करना काफी रिस्क लेने जैसा था लेकिन मेरे मेडिकल स्टाफ की टीम की कड़ी मेहनत मरीज के परिवार में खुशी लौटाने में सफल हुए जिसमें हमलोग भगवान का चमत्कार मानते हैं आज पुरी तरह से मरीज स्वास्थ्य है परिजन अपने घर ले जा रहे हैं मेडिकल परामर्श के अनुसार कुछ परहेज के साथ दवाएं चलतीं रहेगी मरीज पुरी तरह से स्वस्थ है।

आपको बताते चलें कि जनपद में सदर में स्थिति मेडिसीटी अस्पताल के प्रबंधक अजीत पटेल ने बताया कि अस्पताल में आकस्मिक सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं जिससे हमारे सीनियर डाक्टर सुरेंद्र पटेल की टीम जैसे काबिल

डॉ अभिषेक श्रीवास्तव

डॉ जय

नर्सिंग स्टॉप राधिका सिंह ,प्रशांत ,आकाश ,विशाल ,आकांक्षा मिश्रा ज्योति अभिजीत आदि लोगों द्वारा सफल इलाज किया जाता है

एक मरीज जिसके जहरीले पदार्थ के कारण पुरे शरीर में संक्रमण फैल चुका था दिल काम करना बंद कर दिया था हमारे सीनियर डाक्टर सुरेंद्र पटेल की देखरेख में मरीज को सीपीआर करने पर मरीज के शरीर में कुछ हरकत हुई जिसमें डाक्टर सुरेंद्र पटेल की टीम ने बिना देर किए मरीज को वेंटीलेटर में रखा गया लगातार 21 दिन इलाज मेडिसीटी अस्पताल में इलाज होने के बाद आज सकुशल मरीज को लेकर परिजन अपने घर के लिए रवाना हुए जिसमें मरीज के पिता कमलेश ने डाक्टर सुरेंद्र पटेल के साथ मेडिसीटी अस्पताल के प्रबंधक अजीत पटेल को आभार व्यक्त करते हुए धनवान दिया।

# बाढ़ प्रभावित गांवों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों की समस्याओं को लेकर एसडीएम रणवीर सिंह ने तहसील मुख्यालय पर अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए।

तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव दूलीखेड़ा लालाखेड़ा, पसनिया खेड़ा, जयराजमऊ,सीताराम खेड़ा, गढ़ेवा की समस्याओं को लेकर एसडीएम रणवीर सिंह ने राजस्व विभाग खाद्य विभाग के साथ बैठकें एसडीएम ने कहा कि बाद प्रभावित गांवों में लोगों से संपर्क कर तहसीलदार व नायब तहसीलदार प्रभावी कदम उठाए जिससे लोगों को संभावित समस्या से बचाया जा सके ।बैठक एसडीएम ने किसान यूनियन द्वारा दिए गए ज्ञापन की समस्याओं को भी गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम के आदेश के बाद तहसीलदार गणेश प्रसाद ने पसनियाखेड़ा तथा नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने गढ़ेवा ने ग्रामीणों,कोटेदार, लेखपाल ,सचिव के साथ बैठक की। तहसीलदार ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए बाढ़ के समय आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा ।बैठक में मौजूद कोटेदार तथा लेखपाल से कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ले कहां पर नाव लगनी है कहां पर लोगों को रखा जाएगा ।उन स्थलों को चिन्हित कर तत्काल सूचना दें ।नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने गढ़ेवा गांव में बैठक कर लोगों से बात कर समस्याएं जानी।

# पुलिस ने किशोरी को किया बरामद आरोपी युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पूर्व के मुकदमे की कार्यवाही में जुटी बेहटा मुजावर पुलिस ने अपहत किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही की गई। बेहटा मुजावर पुलिस बीते 3 जुलाई की घटना के संबंध में बीते 6 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुटी पुलिस ने मंगलवार को बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपी युवक सुमित उर्फ शिवा पुत्र शैलेश निवासी धतिगड़ा थाना कासिमपुर जिला हरदोई को थानाक्षेत्र के संचान कोट गांव के निकट से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया साथ ही किशोरी को बरामद कर न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराए गए।

## उधारी मांगने पर दुकानदार के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के तोदा निवासी अर्पित गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर में देकर बताया कि उनकी गांव में ही ज्वेलरी की दुकान है ।करीब ढाई वर्ष पूर्व कोरौरा निवासी अरुण यादव, धर्मू यादव और वीरेंद्र यादव दुकान पर आए थे ।तथा सोने-चांदी के आभूषण कुछ नकद तथा 32,050 रुपये के आभूषण उधार ले गए थे ।लेकिन 13 मई की सुबह वह अपने पिता के साथ उधार की रकम मांगने गए ।तीनों लोग गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी ।पीड़ित ने जांच कर कार्यवाही की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की ।प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मासूम की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज कानपुर-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक अनियंत्रित वाहन ने तीन वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घायल को आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया, जहाँ से हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल परिजन बच्चे का इलाज निजी अस्पताल में करा रहे हैं।

### बाजार आए थे माता-पिता, पलक झपकते हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार, अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जंगपुर गांव निवासी बाबू अपनी पत्नी सोनी और तीन वर्षीय पुत्र अरविंद के साथ खरीदारी करने नवाबगंज कस्बे में आए थे। पीड़ित पिता बाबू ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक संगीत होटल के पास खड़ी की थी। वे हाईवे पार कर ही रहे थे कि तभी उनका नन्हा बेटा अरविंद अचानक दौड़ पड़ा। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

### इलाज के लिए मची अफरा-तफरी

टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम अरविंद बुरी तरह घायल हो गया। उसे लहूलुहान देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और आनन-फानन में घायल बच्चे को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार तो किया, लेकिन बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में उसे जिला अस्पताल न ले जाकर निजी अस्पताल ले गए।

### फरार चालक की तलाश में जुटी पुलिस

हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन समेत फरार हो गया। पीड़ित परिजनों द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रेलवे ट्रैक पार कर रहे किसान की ट्रेन की चपेट से मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। बाजार जाने के लिए घर से निकले 65 वर्षीय किसान की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार सुबह जब परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शव की पहचान की, तो परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाजार जाने की बात कहकर निकले थे बसंत लाल

जानकारी के अनुसार, कोरारी कला गांव निवासी 65 वर्षीय बसंत लाल गौतम खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे वह बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश में जुटे ही थे कि तभी उन्हें कोरारी-कोटारिया के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। ?मोर्चरी में हुई पहचान, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, लेकिन उस समय पहचान न हो पाने के कारण पुलिस ने उसे जिला अस्पताल की मोर्चरी में अज्ञात के रूप में रखवा दिया था। मंगलवार सुबह जब बसंत लाल के परिजन मोर्चरी पहुंचे, तो उन्होंने शव की पहचान बसंत लाल गौतम के रूप में की। अपने परिजन का शव देख पत्नी व बच्चों की चीखें निकल गईं।

### ऊंचाहार एक्सप्रेस की चपेट में आने की आशंका

प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि बसंत लाल की मौत संभवतः ऊंचाहार एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, हादसा ट्रैक पार करते समय हुआ या कोई और वजह रही, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगी मौत की वजह

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है।

# विद्युत व्यवस्था से परेशान नगर अध्यक्ष ने विधान सभा अध्यक्ष को भेजा पत्र

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। क्षेत्र में वर्षो से चरमराई विधुत व्यवस्था को देखते हुए औरास नगर पंचायत अध्यक्ष ने विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिख कर औरास पावर हाउस की सप्लाई पड़ोसी जनपद लखनऊ रहीमाबाद के जालामऊ 132 के वी पावर हाउस से जोड़ने की गुहार लगाई । पत्र को संज्ञान में लेते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमटेड के चेयरमैन डॉक्टर आशीष गोयल को व्यवस्था को ठीक करने के लिए आदेशित किया है ।औरास में संचालित 33 केवी पावर हाउस की बिधुत सप्लाई 60 किलोमीटर दूर 132 केवी पावर हाउस खोखापुर उन्नाव से संचालित की जा रही जो आय दिन फाल्ट , ब्रेक डाउन व ट्रिपिंग की समस्या से क्षेत्र वासियो को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है । साथ मे बिजली कर्मचारी भी परेशान रहते है । समय पर बिजली न मिल पाने के कारण थाना , अस्पताल, पोस्ट ऑफिस , बैंक व कालेज के कार्य प्रभावित रहते है । आम जनता बिजली के लिए त्राहि माम्कर रही है। इसके बावजूद किसी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को देखते हुए औरास नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार ने विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिख कर अनुरोध किया है । कि औरास पावर हाउस की सप्लाई खोखापुर उन्नाव से हटाकर 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पड़ोसी जनपद लखनऊ रहीमाबाद के 132 केवी जालामऊ पावर हाउस से सम्बद्ध कर क्षेत्र वासियो को विधुत सप्लाई दी जाय। पत्र को संज्ञान में लेते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश कारपोरेशन लिमटेड के चेयरमैन डॉ0 आशीष कुमार गोयल को निर्देशित करते हुए समस्या का समाधान करने का आदेश किया है। कारपोरेशन के चेयरमैन ने विधुत विभाग के उच्च अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

*औरास 33 केवी पावर हाउस हाजीपुर गोशा गाँव मे संचालित है ।जिसकी विधुत सप्लाई 60 किलोमीटर दूर 132 केवी पावर हाउस खोखापुर से दी जाती है ।जो आय दिन ब्रेक डाउन, फाल्ट ट्रिपिंग की समस्या से आम जनमानस परेशान है ।इस पावर हाउस से ग्राम पंचाय व राजस्व गांव मिलाकर 92 गांव व नगर पंचायत औरास को विधुत सप्लाई का भार है ।आय दिन ब्रेक डाउन, फाल्ट, ट्रिपिंग की समस्या को दूर करने के लिए औरास पावर हाउस की सप्लाई 15 किलोमीटर दूर लखनऊ के जालामऊ 132 केवी पावर हाउस से जोड़ने की मांग उठाई गई है।*

**अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण आजकल काफी चर्चा में है। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और श्रद्धा पर गहरी चोट पहुंची है। सवाल उठता है कि इस मामले में कहां चूक हुई और क्या किया जाना चाहिए था, जिसका पालन नहीं हो पाया? आखिर प्रबंधन को लेकर ऐसी क्या व्यवस्था बनाई जाए, जिससे मंदिरों के कामकाज में पारदर्शिता आए, जबकि भारत के अनेक प्रमुख मंदिरों खास तौर पर दक्षिण के प्रबंधन इतने अच्छे हैं कि उनमें ज्यादा परिवर्तन या हस्तक्षेप की आवश्यकता ही नहीं है। आज भी वहां समितियों की बैठकें होती हैं और उनके अनुसार निर्णय भी होते हैं। उनकी प्रबंधन समितियां बड़े स्तर पर श्रद्धालुओं और दान का प्रबंधन करती हैं। उत्तर भारत के मंदिर इनसे क्या सबक ले सकते हैं? सभी बड़े धार्मिक संस्थान में दान प्रबंधन को लेकर समय-समय सार्वजनिक जानकारी, नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग से भ्रम की स्थिति को कम किया जा सकता है। हालांकि राम मन्दिर चन्दा मामले की जांच संबंधित राज्य सरकार द्वारा करवाई जा रही है। दूसरी ओर, क्या राममंदिर चढ़ावा चोरी विवाद भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक रूप से प्रभावित करेगा। यदि हां तो कितना और नहीं तो क्यों नहीं?** ***इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# सरकारी व्यवस्था से परे हो मंदिर प्रबंधन



विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**काफी समय से मंदिरों के प्रबंधन को लेकर देश में लगातार बहस और विमर्श चल रहा है। मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका भी पड़ी हुई है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी के बाद इस विषय को एक बहुत बड़े वर्ग ने नए सिरे से गर्म करने की कोशिश की है। इनमें नेताओं, निहित स्वार्थी तत्वों, मंदिरों के महत्व से अनभिज्ञों आदि की बड़ी संख्या शामिल है। हालांकि संपूर्ण इतिहास में किसी धार्मिक स्थल की कोई भी व्यवस्था शत- प्रतिशत बेईमानी, पाप, भ्रष्टाचार को रोकने में सफल हुई हो इसके उदाहरण न के बराबर हैं। प्रश्न यही है कि आखिर श्रेष्ठतम व्यवस्था क्या हो सकती है? मंदिरों के आविर्भाव के साथ भारत में इसकी स्थापित परंपराएं हैं।**

पिछले काफी समय से मंदिरों के प्रबंधन को लेकर देश में लगातार बहस और विमर्श चल रहा है। मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटाने को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका भी पड़ी हुई है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी के बाद इस विषय को एक बहुत बड़े वर्ग ने नए सिरे से गर्म करने की कोशिश की है। इनमें नेताओं, निहित स्वार्थी तत्वों, मंदिरों के महत्व से अनभिज्ञों आदि की बड़ी संख्या शामिल है। हालांकि संपूर्ण इतिहास में किसी धार्मिक स्थल की कोई भी व्यवस्था शत- प्रतिशत बेईमानी, पाप, भ्रष्टाचार को रोकने में सफल हुई हो, इसके उदाहरण न के बराबर हैं। हां, ऐसा करने वालों को दंड, पाप मोचन तथा सुधार की व्यवस्था सतत् रही है।

इसके बावजूद हमारे मंदिर हर दृष्टि से धार्मिक मान्यताओं और हमारी आस्थाओं के अनुरूप पावन पुण्य स्थल बन रहें, श्रद्धालुओं के मन में वहां से जीवन में शुचिता, नैतिकता, सेवा, दान व ईमानदारी की प्रेरणा मिले इसके लिए मनुष्य के रूप में जितना संभव है, श्रेष्ठतम व्यवस्था होनी चाहिए। प्रश्न यही है कि आखिर श्रेष्ठतम व्यवस्था क्या हो सकती है? मंदिरों के आविर्भाव के साथ भारत में इसकी स्थापित परंपराएं हैं। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि हमारे मंदिर केवल कर्मकांड, पूजा- पाठ व दर्शन के केंद्र नहीं थे। मंदिरों की भूमिका समाज के मुख्य शक्ति केंद्र के रूप में भी थी। आज भी प्रमुख मंदिरों द्वारा शिक्षालय, अस्पताल, औषधालय,योग आश्रम, विचार प्रसार केंद्र, पुस्तकालय, वाचनालय, प्रकाशन, मुफ्त भोजनालय, समाज के निर्धन निराश्रित लोगों की सहायता सेवा आदि संचालित होते हैं।

यह उसी परंपरा का अंग है। ज्यादातर मंदिर ऐसा करते हुए प्रचार-प्रसार में नहीं पड़ते ते इसलिए दुनिया में ईसाई मिशनरियों ने ही यह भाव फैलाया है कि दान, गरीबों की सेवा, मनुष्य को शिक्षित करने की भूमिका केवल वही निभाते हैं। यह सरासर झूठ है। साफ है कि अगर मंदिरों के प्रबंधन की बात करें तो उसके पूरे व्यापक आयाम को ध्यान में रखकर ही आप किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं।

## समाज और सत्ता का समन्वय

राजा या वैभवशाली, संपन्नशाली लोग मंदिर अवश्य बनवाते थे और प्रबंधन में उनकी भूमिका भी होती थी, पर संपूर्ण निजी मंदिरों को छोड़कर नियंत्रण जैसी स्थिति नहीं रही। उसके संपूर्ण विधि विधान ही नहीं, प्रबंधन की विधियां भी धर्म क्षेत्र - द्वारा ही निर्धारित होती थी। मंदिर के प्रबंध का सूत्र समाज क्षेत्र और सत्ता तंत्र के समन्वय से होता था। दक्षिण में आगमों के द्वारा मंदिर के पूजा विधान तय होते थे। समाज की समितियां कई बार जिसे सभा - महासभा कहते थे जिनमें विद्वान बुजुर्ग आदि होते थे, प्रतिदिन की व्यवस्था संभालते थे। आज भी हम दक्षिण के कुछ मंदिरों के अंदर धन देख, सुनकर चकित होते हैं और कई प्राचीन राज परिवार अभी भी मंदिरों की प्रमुख भूमिका में हैं। पर उनका नियंत्रण नहीं है। भाव यही है कि हम केवल उस धन के न्यासी हैं, उनमें से रति भर भी स्वयं के लिए उपयोग करने का अधिकार हमें नहीं है।



## संपूर्ण देश के लिए एक संरचना उपयुक्त नहीं

वस्तुतः मंदिरों को सरकारी व्यवस्था, ट्रस्ट तंत्र के हवाले करना सच कहें तो धार्मिक विधान के ही विपरीत है और उससे उसकी मूल स्वायत्तता दुष्प्रभावित हो जाती है। झूठे वही खाता बनाने पड़ते हैं। दूसरे, संपूर्ण देश के लिए कोई एक संरचना उपयुक्त नहीं हो सकती।

यह भी ध्यान रखिए कि भारत के अनेक प्रमुख मंदिरों के प्रबंधन इतने अच्छे हैं कि उनमें ज्यादा परिवर्तन या हस्तक्षेप की आवश्यकता ही नहीं है। आज भी समितियों की बैठकें होती हैं और उनके अनुसार निर्णय भी होते हैं। मूल बात हिंदू समाज के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है जो आगे बढ़ रही है। अच्छा हो कि धर्म तंत्र, धार्मिक विशेषज्ञ, समाज क्षेत्र में इसके अन्य ज्ञाता, आस्थावान इतिहासकार सब मिलकर धार्मिक विघ्नों एवं परंपराओं के आरोप स्थानीय स्थान पर व्यवस्था बनाएं। मंदिरों के महत्व, उनकी व्यवस्था को न जानने वाले निहित स्वार्थी तत्वों के हल्ला बोल में पड़ने की आवश्यकता नहीं।

## चैरिटेबल सोसायटी एक्ट

यह भी समझने की आवश्यकता है कि भारत में विविधताओं के बीच मूल भाव एक ही रहा है किंतु स्थानीय प्रकृति , परंपरा, रीति - रिवाज , धार्मिक आस्थाएं, ज्ञान आदि के अनुसार ही मंदिरों के प्रबंधन होते थे। हजार वर्षों के आक्रमणों, परकीय शासनों के कारण समस्याएं पैदा हुई और स्वतंत्रता के बावजूद जीवन का मूल होते हुए भी समाज की प्राथमिकता में नहीं रहा। बावजूद आज भी प्रमुख मंदिरों की व्यवस्था अपनी स्थापित परंपरा के अनुसार अभी भी काफी हद तक उपयुक्त और प्रेरणादायी हैं। दरअसल, अंग्रेजों ने भारत को हर दृष्टि से गुलाम करने के लिए 1860 में चैरिटेबल सोसायटी एक्ट बनाया तथा सभी के लिए इस कानून के तहत निबंधन अनिवार्य किया। इस एक कानून ने पूरे भारत में मंदिरों से लेकर सेवा परंपराओं सहित दान शालाओं, शिक्षा शालाओं की प्रकृति को ही विकृत कर दिया। आज भी ऐसे सरकारी विभागों की दशा कैसी है, वे कैसा व्यवहार करते हैं यह अनुभव दिल दहलाने वाला है।

## व्यवस्था में भ्रष्टाचार का दलदल

कम से कम इस तरह के प्रबंधन से मंदिरों की स्वतः स्फूर्त सुधार व्यवस्था के साथ-साथ पूरा कर्मकांड तक दुष्प्रभावित होता है। राज्यों के धार्मिक न्यास बोर्डों के हस्तक्षेप के कारण धार्मिक, सत्यनिष्ठ, नैतिक लोगों के लिए भी मंदिर का संचालन कठिन हो जाता है। मंदिरों में तात्कालिक कई खर्च ऐसे होते हैं जो दे दिए पर उनका हिसाब-किताब रखना कठिन होता है। कई बार कुछ निर्माण होते हैं जिनके सम्पूर्ण व्यय को लिखना लगभग असंभव होता है।

न्यास बोर्डों को उनके फॉर्मेट के अनुरूप के साथ हिसाब - किताब चाहिए होता है। इनको पुजारी की नियुक्ति से लेकर प्रबंधन तक में हस्तक्षेप का अधिकार कई राज्यों में है। इस कारण पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई। हिंदू समाज के पतन के कारण गांवों व शहरों के बड़ी संख्या में मंदिरों की संपत्तियों पर स्थानीय लोगों, बाहुबलियों और प्रभावी लोगों का कब्जा हो गया है और मंदिर पतन की अवस्था में हैं।

# निगरानी, जवाबदेही और पूर्ण पारदर्शिता जरूरी



व्यवस्था
सुशील देव
स्वतंत्र पत्रकार

सनातन संस्कृति में कोई भी मंदिर लोगों की आस्था, विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक होता है। मगर जब मंदिरों की कुव्यवस्था को लेकर स्वर उठने लगते हैं तो आस्था, विश्वास और श्रद्धा पर गहरी चोट पहुंचती है। अयोध्या के राम मंदिर में यही हुआ है। दान की चोरी का मामला बेहद निंदनीय है। करोड़ों लोगों की आस्था, लंबे संघर्ष और सामाजिक-राजनीतिक संघर्ष के बाद यह मंदिर दोबारा अस्तित्व में आया था। यह मंदिर केवल धर्म-अध्यात्म का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इसलिए दान में चोरी का मामला वित्तीय अनियमितता से ज्यादा गंभीर है। अयोध्या का राम मंदिर मामला इन दिनों सुर्खियों में है। हर कोई इस घटना की निंदा कर रहा है। अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहा है। चढ़ावे या चंदे की लूट की चर्चा धर्मानुरागियों को आहत कर रहा है। इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि इसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह एक असाधारण और अति निंदनीय घटना है, जिसमें माफी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चहिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन और सरकार से इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की अपील भी की। इससे राम भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। पूछताछ और जांच की कार्रवाई चल रही है। राम मंदिर में चढ़ावा की जांच कर रही एसआईटी टीम ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पिछले पांच सालों के खातों को फिर से आडिट करेगा, क्योंकि शुरूआती जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिले हैं। देश में ऐसे कई मंदिर हैं जो कई बार चढ़ावे या चंदा गबन के कारण चर्चा में रहे हैं। ऐसे में न केवल उन मंदिरों के प्रबंधन को भी चुस्त—दुरूस्त रहना चाहिए, बल्कि स्थानीय प्रशासन और सरकार को निगरानी बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर का उद्घाटन किया था। तभी से मंदिर में बड़ी मात्रा में चढ़ावा आ रहा है। साल 2024-25 में मंदिर ट्रस्ट ने कुल 327 करोड़ रुपए की आमदनी बताई थी, जिसमें 153 करोड़ चढ़ावे के रूप में मिली थीं। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन 7 जून 2026 को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक पवन पांडेय ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के दान पात्रें से लगभग 7 करोड़ से ज्यादा रुपए का गबन हुआ है। इन आरोपों से पूरी अयोध्या में राजनीतिक भूचाल आ गया। इसके बाद भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा और कथित चंदा चोरी मामले की सीबीआई जांच की मांग की। तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस कथित चंदा चोरी जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एसआईटी का गठन कर दिया। एसआईटी ने कैश हैंडलिंग प्रक्रिया और डोनेशन बॉक्स की जांच की, सीसीटीवी फुटेज खंगाला और वहां के कर्मचारियों से बात की तो कई विरोधाभास नजर आया। एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने सख्ती दिखाई। नतीजतन, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कुछ कर्मचारियों सहित आठ संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसी कारण ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। पूरी कहानी से यह स्पष्ट होता है कि इस प्रसिद्ध मंदिर में आस्था, विश्वास और श्रद्धा का जो सैलाब उमड़ा, उनसे जो चढ़ावा मिला, उसे मंदिर ट्रस्ट सही रूप से व्यवस्थित रखने में नाकाम साबित हुआ। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि मंदिर ट्रस्ट को मई अंतिम सप्ताह में ही कथित चंदा चोरी की भनक लगी थी, जब बैंकों में जमा हो रही रकम और दान पेटियों में कम चढ़ावा मिलने का शक हुआ था। उसके बाद वहां हिडन कैमरे लगा दिए थे और चौकसी बढ़ा दी गई थी। बावजूद इसके, कुछ लोभी प्रवृत्ति के लोगों ने इस घोटाले को अंजाम दिया। यह घोटाला अब सरकार और जनता की अदालत से आगे कानून की अदालत तक पहुंच चुका है। इस मामले में चाक-चौबंद व्यवस्था होती तो शायद यह दिन नहीं देखना पड़ता। राम मंदिर में अब तक जो भी दान प्राप्त हुआ, वह करोड़ों लोगों की आस्था की अमानत है। दान राशि के प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। श्रद्धालुओं को नियमित रूप से यह जानकारी मिलनी चाहिए कि कितनी राशि प्राप्त हुई और उसका उपयोग किन कार्यों में किया जा रहा है। इसके लिए स्वतंत्र ऑडिट, वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट, सार्वजनिक आय-व्यय विवरण और डिजिटल दान प्रणाली को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। किसी भी धार्मिक संस्था की सबसे बड़ी पूंजी लोगों का विश्वास होता है और यह विश्वास पारदर्शिता एवं नियमित संवाद से ही मजबूत होता है। हालांकि राम मंदिर ट्रस्ट ने दलील दी है कि तमाम आरोप निराधार हैं। मंदिर निर्माण और दान राशि का पूरा लेखा-जोखा निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर रखा जा रहा है। अब तक सभी वित्तीय लेनदेन कानूनी प्रक्रिया और दस्तावेजों के आधार पर किए गए हैं। जबकि विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दान राशि और भूमि खरीद से जुड़े कुछ मामलों पर पारदर्शिता बढ़ाने तथा स्वतंत्र जांच की लगातार मांग की जा रही है। सभी बड़े धार्मिक संस्थान में दान प्रबंधन को लेकर समय-समय सार्वजनिक जानकारी, नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग से भ्रम की स्थिति को कम किया जा सकता है। सनद रहे कि मंदिर चढ़ावा विवाद का असर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर पर भी पड़ा है।

**धार्मिक संस्थान में दान प्रबंधन को लेकर समय-समय सार्वजनिक जानकारी, नियमित ऑडिट और पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग से भ्रम की स्थिति को कम किया जा सकता है। सनद रहे कि मंदिर चढ़ावा विवाद का असर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर पर भी पड़ा है।**

# लोकहित में व्यय की जाए दान की रकम



मंथन
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर के चढ़ावे की चोरी के खुलासे के बाद दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रबंधन की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है। समाज के एक वर्ग की ओर से उत्तर भारत के मंदिरों को भी सबक लेने और उनकी ही तर्ज पर प्रबंधन चलाने की मांग उठ रही है। इसकी वजह यह है कि दक्षिण भारत के बड़े मंदिरों, तिरूपति, अयप्पा, सबरीमाला, मीनांबकम् आदि के चढ़ावे की हेराफेरी की कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। यह नहीं भूलना चाहिए कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की गिनती और उसे उचित बैंक तक पहुंचाने का भी तकरीबन वैसा ही इंतजाम किया गया है, जैसा शिरड़ी के साईं मंदिर या दक्षिण भारत के मंदिरों में किया गया है। असल समस्या मंदिर प्रबंधन में तैनात कर्मचारियों के चरित्र की है।

अगर कर्मचारी और अधिकारी ईमानदार होंगे तो फिर कड़ी व्यवस्था की जरूरत नहीं रह जाती। जहां तक दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रबंधन की बात है तो वहां के मंदिरों का प्रबंधन मोटे तौर पर संबंधित राज्य के कानून के जरिए बनाए गए हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती बोर्ड करते हैं। हालांकि कुछ मंदिरों का प्रबंधन और संचालन उत्तर भारत के मठों की तरह वंशानुगत महंतों और ट्रस्टियों द्वारा भी किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा गठित बोर्ड मंदिर की आय, दान, पुजारियों की नियुक्ति और प्रशासनिक व्यवस्था संभालते हैं। मोटे तौर पर यह व्यवस्था तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और तेलंगाना के ज्यादातर बड़े मंदिरों में लागू है। इसके तहत सरकार की ओर से मंदिर के लिए एक आयुक्त और कार्यकारी अधिकारी नियुक्त होता है, जो मंदिर के रोजाना का प्रशासन, सुरक्षा और कर्मचारी आदि की व्यवस्था देखते हैं। सरकार की ओर से नियुक्त बोर्ड में स्थानीय प्रतिष्ठित लोगों, विद्वानों और सरकारी प्रतिनिधि शामिल होते हैं। बोर्ड प्रबंधन मंदिरों के चढ़ावे पर कड़ी निगरानी रखते हैं। इसके लिए विशेष तौर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहां सुरक्षा बलों की भी तैनाती है। चढ़ावे से प्राप्त रकम के आय-व्यय का लेखा-जोखा राज्य सरकार हर साल कर करती है। केरल के प्रसिद्ध पद्मनाभस्वामी मंदिर और कर्नाटक के उडुपी के मठ का प्रबंधन वहां के पारंपरिक शाही परिवार या उत्तर भारत की तरह वंशानुगत मठ के महंत के जरिए होता है, लेकिन इन मंदिरों के चढ़ावे आदि पर राज्य सरकार की निगरानी होती है। दक्षिण भारत के ज्यादातर बड़े मंदिरों के आर्थिक और प्रशासनिक मामलों में राज्य सरकारों का हस्तक्षेप होता है। हालांकि मंदिर की पूजा-पद्धति, अनुष्ठान, स्थानीय त्योहार आदि के आयोजन में राज्य सरकार की कोई दखलंदाजी करते हैं। तिरूपति देवस्थान बोर्ड की ओर से करीब 35 स्कूल, कॉलेज और उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। उत्तर भारत का प्रसिद्ध वैष्णोदेवी मंदिर का भी संचालन कुछ इसी तरह होता है। 1986 में सरकार द्वारा बनाया गया श्री माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड मंदिर और उसके चढ़ावे आदि का प्रबंधन करता है। श्री माता वैष्णोदेवी श्राइन बोर्ड जम्मू-कश्मीर के कटरा में श्री माता वैष्णोदेवी विश्वविद्यालय संचालित करता है। बोर्ड कटरा में श्री माता वैष्णोदेवी गुरुकुल का भी संचालन करता है। पटना के महावीर मंदिर का प्रबंधन भी इसी तरह से जनहित के लिए महावीर




**दक्षिण भारत के ज्यादातर बड़े मंदिरों के आर्थिक और प्रशासनिक मामलों में राज्य सरकारों का हस्तक्षेप होता है। हालांकि मंदिर की पूजा-पद्धति, अनुष्ठान, स्थानीय त्योहार आदि के आयोजन में राज्य सरकार की कोई दखलंदाजी नहीं होती। इस पर फैसले लेने का अधिकार वहां के पुजारियों को होता है।**

नहीं होती। इस पर फैसले लेने का अधिकार वहां के पुजारियों को होता है। कुछ इसी तरह का प्रबंधन उत्तर भारत के भी कुछ बड़े मंदिरों का भी होता है। उज्जैन का महाकाल मंदिर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 1982 में पारित श्रीमहाकालेश्वर मंदिर अधिनियम के तहत गठित 'महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति' करती है। उज्जैन के जिलाधिकारी इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। इस समिति में उज्जैन नगर निगम के पार्षद, राज्य सरकार द्वारा नामित संस्कृत के विद्वान और पुजारी सदस्य होते हैं। जिलाधिकारी इसकी दिन-प्रतिदिन की व्यवस्था और प्रबंधन के लिए एक प्रशासक को नियुक्त कैंसर संस्थान, महावीर नेत्रालय, महावीर आरोग्यालय आदि का संचालन करता है। दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रबंधन की तरह श्रीरामलला मंदिर के प्रबंधन की मांग का एक वर्ग विरोध भी कर रहा है। इसके लिए दक्षिण भारत के मंदिरों की व्यवस्था का उत्तर वालों को गहन अध्ययन करना चाहिए और उसी तरह की व्यवस्था को अपनाना चाहिए। चूंकि चढ़ावे की रकम आम लोगों के दान की रकम होती है, लिहाजा इस रकम को लोकहित में स्कूल और अस्पताल चलाने, गरीबों को रोजगार आदि दिलाने का इंतजाम करने के मद में खर्च किया जाना चाहिए।

# आपदा प्रबन्धन में माहिर है भाजपा



दान चोरी प्रकरण
सुनील अमर
स्वतंत्र पत्रकार

देश का माहौल इन दिनों अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में हुए चढ़ावा चोरी प्रकरण से उद्वेलित है। मामले की जांच भी हो रही है। अपने देश का मिजाज ही कुछ ज्यादा धार्मिक है, इसलिए धर्म-कर्म होते रहते हैं और स्वाभाविक है कि उनमें अव्यवस्थाएं भी होती रहती हैं। अयोध्या का राम मन्दिर कांड कोई पहला नहीं है। देश के कई प्रमुख मन्दिरों में इससे पहले भी ऐसे कांड होते रहे हैं जिनमें तिरुमला वेंकटेश्वर मन्दिर, सबरीमला मन्दिर, जगन्नाथ मन्दिर तथा बीते जून महीने में ही हुए योग नरसिम्हा स्वामी मन्दिर का चढ़ावा चोरी मामले चर्चित हैं। अयोध्या मन्दिर का मामला इसलिए ज्यादा उबाल ले रहा है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने अयोध्या आन्दोलन की नाव पर चढ़कर अपना राजनीतिक अभीष्ट प्राप्त किया।

दूसरे, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रधानमन्त्री कार्यालय ने ही इस ट्रस्ट का गठन किया, इसके सदस्यों का चयन किया और खास बात यह कि इस ट्रस्ट की गतिविधियों को सूचना के अधिकार के बाहर कर दिया। रही बात राम मन्दिर चढ़ावा चोरी कांड से जनता पर असर पड़ने की तो अगर अतीत में हम देखें तो पता चलता है कि इस देश की जनता की राजनीतिक याददाश्त और भावनाएं दोनों बहुत टिकाऊ नहीं हैं। आखिर इसी देश में आपातकाल लगा, तमाम ज्यादतियां हुईं और मौका मिलने पर जनता ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका, लेकिन कुछ ही महीनों के भीतर जनता सारे दुःख भूल गई और दोबारा उसी कांग्रेस की सरकार को सत्ता में स्थापित कर दिया। असल सवाल है जनता को बहलाने-फुसलाने का और भाजपा का प्रचार तंत्र इसमें माहिर है। भाजपा को राजनीतिक और धार्मिक दोनों मोर्चों पर लड़ना आता है। सांगठनिक तौर पर भाजपा आज देश की सबसे ताकतवर पार्टी है। एक समय था कि वामदलों को कॉडर आधारित दल कहा जाता था। कांग्रेस के पास भी सेवादल हुआ करता था। बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी पहले बामसेफ ही बनाया था लेकिन आज ये दल अपने इस मूलभूत ढांचों को खो बैठे हैं, जबकि भाजपा के साथ उसका मातृ संगठन आरएसएस अपने समस्त आनुषांगिक संगठनों के साथ आज पूरी क्षमता से कार्यरत है। ऐसे ताकतवर इन्फ्रास्ट्रक्चर से अन्य दल क्या मुकाबला कर पाएंगे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा के पास अभी आपदा प्रबन्धन का थोड़ा समय है और भाजपा इसमें पारंगत है। आखिर बीते लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट, जिसके अन्तर्गत ही अयोध्या भी आती है, सपा के हाथों हार जाने के बाद भाजपा ने इसकी एक विधानसभा सीट मिल्कीपुर को उपचुनाव में येन-केन-प्रकारेण जीत ही लिया था और प्रचारित किया था कि अयोध्या की जनता भाजपा से नाराज नहीं है। दूसरे, चुनावी प्रक्रिया इधर के वर्षों में बहुत हाईटेक और बहुत ज्यादा खर्चीली हो गई है। इस लिहाज से देखें तो भाजपा के मुकाबले कोई भी राजनीतिक दल टिकता ही नहीं है। लेकिन ये राजनीतिक और पेचीदगी की बातें अपनी जगह। हिन्दू धर्म में दान की परम्परा बहुत उदारमना है। यहां तो 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये' कहकर भगवान को चढ़ावा अर्पित किया जाता है। एक आस्थावान हिन्दू दान करने के बाद उसे भूल जाता है और फिर आगे उसका हिसाब नहीं रखता। जैसे भिखारी को भिक्षा देकर उस पर यह शर्त नहीं थोपी जाती कि वह इसे कैसे खर्च करेगा। यही वजह है कि देश के अन्य हिस्सों की बात छोड़ दें तो इस मुद्दे पर अयोध्या में स्थानीय स्तर पर जनता का कोई भी मुखर विरोध नहीं है। जो विरोध है वह संस्थागत स्तर पर ही है और भाजपा जनता की इस अमुखरता को भुनाएगी ही। राम मन्दिर चन्दा मामले की जांच राज्य सरकार द्वारा करवाई जा रही है। आने वाले समय में भाजपा पर इसका क्या राजनीतिक असर दिखेगा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन यह महत्वपूर्ण होगा कि जांच का नतीजा क्या निकला। जिम्मेदार किसे ठहराया गया, सजा किसे हुई तथा व्यवस्था में परिवर्तन क्या किया गया और इन सबका जनता पर असर कैसा हुआ। भाजपा किसी लकीर को छोटा साबित करने के लिए बड़ी लकीर खींचने में माहिर है। चुनाव में अभी समय है और संभावना है कि तब तक भाजपा कोई ऐसा राजनीतिक/सामाजिक तूफान खड़ा कर सकती है, जिसमें यह मन्दिर चढ़ावा चोरी ओझल ही हो जाए।



**हिन्दू धर्म में दान की परम्परा बहुत उदारमना है। यहां तो 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये' कहकर भगवान को चढ़ावा अर्पित किया जाता है। तात्पर्य यह है कि एक आस्थावान हिन्दू दान करने के बाद उसे भूल जाता है और फिर आगे उसका हिसाब नहीं रखता।**

संक्षेप

## जहरीला कीड़ा काटने से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ठाकुरी खेडा गांव में एक युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे देर रात जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया है। अचलगंज थाने के ठाकुरी खेडा निवासी राकेश उर्फ सुशील 40 पुत्र स्व काशी प्रसाद गांव में रह कर खेती किसानी व ट्रैक्टर भाड़े पर चलाता था सोमवार को देरशाम वह घर से बाहर जाने को जैसे ही दरवाजा खोला पैर में किसी कीड़े द्वारा काटने का उसे अहसास हुआ ।वह कुछ समझ पाता कि उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सीधे जिला अस्पताल ले गये ।जहां जांच में उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के तीन छोटी बेटियां व दो पुत्र है ।घर के मुखिया कमाऊ पति की मौत से पत्नी व बच्चे रो रो कर रात से बेहाल है। परिजन जहरीला कीड़ा काटने की पुष्टि कर रहे है। एसओ सुब्रतनारायन त्रिपाठी ने सूचना पर शव का पोस्टमार्टम होना बताया है।

## पंचायत सहायकों को सख्त निर्देश

ऑनलाइन उपस्थिति और सेवाओं में सुधार अनिवार्य, हर ग्राम पंचायत में 15 सेवाएं देना जरूरी

अमेठी , भेटुआ विकास खंड में पंचायत सहायकों की ऑनलाइन उपस्थिति और वीएलई सेवाओं की प्रगति सुधारने के लिए प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मनीष कुमार ने सभी पंचायत सहायकों को निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के आदेश दिए हैं। साथ ही लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है ।जारी आदेश 4 जुलाई को दिया गया, जिसमें बताया गया कि 1 जुलाई को प्रयागराज में उपनिदेशक पंचायत द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में भेटुआ ब्लॉक के पंचायत सहायकों की ऑनलाइन उपस्थिति और वीएलई सेवाओं की कमजोर प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया था। इसके बाद यह निर्देश जारी किए गए हैं हर पंचायत में 15 सेवाएं अनिवार्य निदेर्शों के अनुसार, अब प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर महीने कम से कम 15 वीएलई सेवाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही पंचायत सहायकों को रोजाना अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करनी होगी। लक्ष्य पूरा न करने वालों के खिलाफ सक्षम स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

## बंद कमरे में युवक का शव पंखे से लटका मिला

अमेठी में जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव में पुलिस जांच

अमेठी , जनपद के जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गांव में रविवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे के अंदर छत के पंखे से लटका मिला। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों के अनुसार, युवक सुबह काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं आया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

## 63 लाख 12 हजार 600 पौधों रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं जाने हेतु पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि 08 जुलााई 2026 को एक ही दिन निर्धारित लक्ष्य 63 लाख 12 हजार 600 पौधों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही पौधरोपण करने के उपरान्त तत्काल जिओ टैगिंग कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराये तथा उक्त वृक्षारोपण महा यज्ञ में जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व एवं प्रयास से उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका हैं। इसलिए सभी अधिकारी आमजन व विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित कर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण का फोटोग्राफ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित कराया जाय तथा सभी विभाग पौधरोपण का विवरण प्रभागीय वनाधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराये। डीएम ने सिचाई विभाग को निर्देश दिया कि सम्बन्धित सचिव, लेखपाल एवं ब्लाक के अवर अभियन्ता की टीम के साथ निरन्तर सर्वे कर सरयू व टेढ़ी नदियों के पुनरोद्धार के लिए कार्य योजना तैयार करें। बैठक के दौरान डीएम ने मरीमाता मन्दिर के निकट सरयू नदी की साफ-सफाई, नदी में नगर पालिका के गिरने वाले नालों पर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट, नदियों में प्लास्टिक के बहाव को रोकने, जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा कटान प्रभावित क्षेत्रों में पौधरोपण विशेषकर बांस के पौधे रोपित कराएं जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि नदियों को प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जन जागरूकता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह कार्य जन सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता है। डीएम ने निर्देश दिया कि विशेष आमंत्री के रूप में अधिकाधिक बाहरी लोगों को भी इस समिति से जोड़ा जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीएफओ बहराइच, डीएफओ कतर्नियाघाट, मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ संजय कुमार, सम्बन्धित एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# रूपईडीहा रेंज में वन महोत्सव के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा रेंज अंतर्गत शिवपुर मोहर्निया गांव में वन महोत्सव के क्रम में ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शिवपुर मोहरनिया पिंटू गुप्ता, स्कूली बच्चे, अध्यापक, एसएसबी के जवान, वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा विवेक कुमार शुक्ला, सभी वन दारोगा, वन कर्मचारी तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने पौधरोपण को केवल औपचारिकता न मानते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वन रेंज अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल अपनी जिम्मेदारी समझकर करनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। मोतीपुर पुलिस ने अपहरण सहित कई अन्य धाराओं में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना मोतीपुर में मुकेश पाल उम्र 22 वर्ष निवासी शाहपुर गायघाट के ऊपर नाबालिक लड़की के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था जांच के पश्चात पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही थी जिसे मिहींपुरवा से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि अभियुक्त के ऊपर अपहरण सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया, चौकी इंचार्ज गायघाट दिलीप उपाध्याय, सिपाही अजय चौधरी , देवेंद्र मिश्रा शामिल रहे।

# अवैध कटान व शिकार रोकने के लिए भारत नेपाल के अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित

दोनों देशों के अधिकारियों ने अवैध घुसपैठ रोकने पर की चर्चा

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग का 551 वर्ग किलोमीटर का जंगल पड़ोसी देश नेपाल से जुड़ा हुआ है जहां पर भारत से नेपाल तथा नेपाल से भारत में वन्यजीवों का आवागमन बेहिचक होता रहता है ।गैंडा बाघ तेंदुआ हाथी आदि नेपाल के बर्दिया नेशनल पार्क से कतर्नियाघाट और कतर्नियाघाट से बर्दिया नेशनल पार्क को आते जाते रहते हैं ।अवैध शिकार व अवैध कटान को रोकने के लिए दोनों देश के वन विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर अवैध गतिविधियों को रोकने की रणनीति बनाई तथा एक दूसरे का सहयोग करने पर भी सहमति जताते हुए योजना तैयार की ।बहराइच ।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में भारत और नेपाल के बीच बैठक हुई जिसमें नेपाल के बर्दिया नेशनल पार्क के प्रबन्धकों का स्वागत किया गया। डब्लूडब्लूएफ ने इस बैठक का आयोजन किया और इसमें ट्रान्स बाउण्ड्री के कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में मानव और वन्य जीवों के बीच संघर्ष, खाता कॉरीडोर से होकर हाथियों और गैंडों का आना-जाना, सीमा पार आपराधिक गतिविधियां (जैसे अवैध कटान और शिकार), घड़ियाल और गंगा डॉल्फिन का संरक्षण, गेरूआ नदी में पानी का स्तर कम होना आदि विषयों पर भी चर्चा की गयी। साथ ही साथ वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक जुलाई से 07 जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव के सातवें दिन के समापन पर कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में नेपाल के बर्दिया नेशनल पार्क के प्रबन्धको को भी सम्मिलित किया गया। नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ईको टूरिज्म कैम्पस में पौधों का रोपण किया। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन महोत्सव और 12 जुलाई को उत्तर प्रदेश में होने वाले 35 करोड़ पौध लगाने के अभियान के बारे में भी चर्चा की गयी। ‡एक पेड़ मं के नाम‡ के अभियान का हिस्सा बनकर हर्ष प्रकट किया और वृक्षारोपण कार्यों की उन्होनें सराहना की। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा समन्वय स्थापित कर अवैध कटान तथा अवैध शिकार को रोकना है ।इस मौके पर दोनों देश के वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण विषय पर आयोजित हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंस

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। बहराइच जनपद के शहर स्थिति एनआईसी कार्यालय पर बीते सोमवार कों वृक्षारोपण के सम्बन्ध में एक वीडियो कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में जनपद के दर्जनों ग्राम प्रधान सम्मिलित हुए। प्रधान अनूप सिंह, श्याम चौधरी, विनय वर्मा, अतुल सिंह सहित अन्य ग्राम पंचायत के प्रधानो नें कार्यक्रम में सहभागिता की। एक पेड़ माँ के नाम अभियान कों जन आंदोलन बनाने कों लेकर एकत्रित हुए पंचायत प्रधानों कों कार्यक्रम के माध्यम से अवगत कराया गया कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य का संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और अपनें - अपनें विचार साझा किए तत्पश्चात निर्धारित समय पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त किया। सभी उपस्थित लोगों नें पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ इस महाअभियान को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने हेतु संकल्पित हुए। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर इस पुनीत अभियान का हिस्सा बनें की अपील की गई।

# प्लॉट विवाद ने पकड़ा तूल

महिला बोली- शिकायत वापस लेने का बनाया दबाव; झूठे केस और जान से मारने की धमकी का आरोप

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , तिलोई में प्लॉट और लेनदेन से जुड़ा विवाद अब पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रहा है। मोहनगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि करीब दो लाख रुपये के विवाद में शिकायत वापस लेने के लिए उस पर दबाव बनाया गया। विरोध करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने, पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने और थाने में जबरन सुलहनामा लिखवाने का आरोप लगाया है। महिला ने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### दो लाख रुपये के विवाद से शुरू हुआ मामला

शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि मामला करीब दो लाख रुपये के लेनदेन और प्लॉट विवाद से जुड़ा है। उसने संबंधित प्रकरण की शिकायत की थी, लेकिन बाद में उस पर शिकायत वापस लेने के लिए लगातार दबाव बनाया जाने लगा।

### 'विरोध किया तो झूठे मुकदमे की धमकी मिली'

महिला का आरोप है कि शिकायत वापस लेने से इनकार करने पर उसे और उसके पति को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिससे परिवार भय के माहौल में जी रहा है। थाने में जबरन सुलहनामा लिखवाने का आरोपपीड़िता ने आरोप लगाया कि थाने में दबाव बनाकर उससे स्टाम्प पेपर पर जबरन सुलहनामा लिखवाया गया। उसका कहना है कि यह समझौता उसकी इच्छा के विरुद्ध कराया गया और उस पर मानसिक दबाव बनाया गया।

# प्लॉट कब्जा करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों में राजा भैया की पार्टी का युवा जिलाध्यक्ष भी शामिल, मास्टरमाइंड की तलाश

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के कयामपुर में करीब 30 लोगों के प्लॉटों पर कथित अवैध कब्जे के मामले में पुलिस ने रात में 8 बजे दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के युवा जिलाध्यक्ष अनुज ठाकुर और दीपक कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामले का मुख्य आरोपी अनुराग ठाकुर अभी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### महिलाओं के विरोध पर बुलडोजर चढ़ाने का आरोप

यह मामला 27 जून 2026 का है। आरोप है कि कयामपुर में करीब 30 प्लॉटों पर कब्जा करने की कोशिश के दौरान आरोपियों ने बाउंड्रीवाल बुलडोजर से गिरा दी। जब महिलाओं और स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो उन पर बुलडोजर चढ़ाने की कोशिश की गई। दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने का भी आरोप है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में इस्तेमाल की गई जेसीबी और स्कॉर्पियो को पहले ही बरामद कर लिया है ।पीड़ितों ने एसपी सिटी से लगाई थी गुहार घटना के बाद दो दर्जन से अधिक महिला और पुरुष एसपी सिटी आदित्य बंसल से मिले थे। पीड़ितों ने बताया था कि उन्होंने वर्ष 2018 में 50 और 100 गज के प्लॉट खरीदे थे। कुछ महिलाओं ने अपनी बेटियों के नाम भी प्लॉट खरीदे थे, लेकिन आरोपियों ने बुलडोजर चलाकर बाउंड्रीवाल गिरा दी ।पीड़ितों का आरोप था कि विरोध करने पर हथियारबंद लोगों ने उन्हें धमकाया और बुलडोजर से कुचलने की कोशिश की। महिलाओं ने घटना के वीडियो भी पुलिस को सौंपे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों ने उनकी मदद नहीं की ।दो आरोपियों पर पहले से 10-10 मुकदमेपुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अनुज ठाकुर और दीपक कुमार सिंह के खिलाफ पहले से 10-10 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में दो अन्य आरोपी संजय और आंशु उर्फ प्रदीप को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

पूरे प्रकरण में अब तक 10 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।

# हाईटेंशन तार से दो सब्जी विक्रेताओं की मौत

## परिजन 5-5 लाख मुआवजे पर अंतिम संस्कार को हुए राजी, प्रदर्शन खत्म

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सकवा में शाम हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सब्जी विक्रेताओं की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद रविवार शाम को शव रखकर प्रदर्शन किया गया। प्रशासन से 5-5 लाख रुपये मुआवजे पर सहमति बनने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और प्रदर्शन समाप्त हो गया। यह घटना 4 जुलाई को शंभूगंज बाजार में हुई। सकवा निवासी 60 वर्षीय राधेश्याम और 50 वर्षीय गुरुप्रसाद अपनी सब्जी की दुकानों पर मौजूद थे। तभी अचानक ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार टूटकर उन पर गिर गया, जिससे उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी जान चली गई ।प्रशासन की ओर से लंभुआ के तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी और सीओ ऋतिक कपूर ने परिजनों से बात की। 5-5 लाख रुपये के मुआवजे पर सहमति बनने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर चार थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। इस गंभीर हादसे के बाद विभागीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। अधीक्षण अभियंता (विद्युत वितरण मंडल, सुल्तानपुर) की प थमिक समीक्षा और अभिलेखों की जांच में विद्युत लाइन के रखरखाव, नियमित पेट्रोलिंग और सुरक्षित संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आई है। इसके चलते विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ में तैनात अवर अभियंता राजेश कुमार को अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन न करने का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच पूरी होने तक उन्हें विद्युत वितरण खंड-कादीपुर, सुल्तानपुर से संबद्ध किया गया है ।रामगंज उपकेंद्र के अवर अभियंता प्रकाश यादव को शिवगढ़ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

# मजदूरी विवाद में घर मालिक की हत्या

1 आरोपी गिरफ्तार, क्रिकेट बैट से किया था हमला; तीन अभी भी फरार

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , मजदूरी के भुगतान को लेकर हुए विवाद में एक घर मालिक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है ।यह घटना अंतू थाना क्षेत्र के बधुमार गांव में रात करीब 9:30 बजे हुई। निमार्णाधीन मकान पर काम कर रहे राजगीर और मजदूरों के बीच मजदूरी के भुगतान को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि रामराज, राजू मुसहर, मोनू और सूरज नामक चार लोगों ने घर मालिक राममिलन गुप्ता पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया। राममिलन के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के बेटे की तहरीर पर अंतू थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने रविवार को मुख्य आरोपी रामराज को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह गांव छोड़कर भागने की फिराक में था। सभी आरोपी मौके से फरार पुलिस पूछताछ में आरोपी रामराज ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह कई दिनों से अपनी मजदूरी के पैसे मांग रहा था, लेकिन राममिलन गुप्ता भुगतान नहीं कर रहे थे और उसे डांटकर भगा देते थे। आरोपी के अनुसार, 4 जुलाई 2026 को वह अपने साथियों राजू मुसहर, मोनू और सूरज के साथ मजदूरी का पैसा मांगने राममिलन के घर गया था। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर उसने घर में रखा क्रिकेट बैट उठाकर राममिलन गुप्ता के सिर पर वार कर दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

# दो पक्षों में लाठी-डंडों चले

## भूमि विवाद पर जमकर मारपीट, 6 लोगों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कंधई थाना क्षेत्र के सरसी खाम गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मारपीट के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया और घटना का वीडियो भी बना लिया। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो का है। सूचना मिलते ही कंधई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एक पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजीव, राकेश, सुरेंद्र, संगीता, रंजन और संजू समेत छह लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कंधई थाना प्रभारी आदित्य सिंह ने बताया कि एक पक्ष की शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### 20 दिन से लापता युवती की बरामदगी की मांग

**भाकियू ने 10 जुलाई तक का दिया अल्टीमेटम, धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी**

बागपत , भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र से लापता युवती की बरामदगी की मांग की है। रविवार को संगठन के कार्यालय पर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस 10 जुलाई तक युवती को बरामद नहीं करती है, तो आगे की रणनीति तय कर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। जनपद के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती 20 दिन से लापता है।पीड़ित परिवार का आरोप है कि गांव का ही एक समुदाय विशेष का युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।परिवार का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस केवल आश्वासन दे रही है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद पीड़ित परिवार ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों से संपर्क किया। युवती को बरामद करने की अपील भाकियू के दिल्ली-एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने इस मामले में पहले भी एसपी कार्यालय के अधिकारियों से युवती की बरामदगी की मांग की थी। बरामदगी न होने पर रविवार को भाकियू कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें युवती के परिजन भी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस 10 जुलाई तक युवती को बरामद कर परिवार को नहीं सौंपती है, तो भाकियू आगे की रणनीति पर विचार करेगी।प्रदीप धामा ने पुलिस प्रशासन से मामले में गंभीरता से कार्रवाई करने और युवती को जल्द से जल्द बरामद करने की अपील की।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 जुलाई तक समाधान नहीं होता है, तो धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

### सड़क के गड्ढों में भाकियू का प्रदर्शन

**टटीरी-सूरजपुर मार्ग की बदहाली पर लोक निर्माण विभाग से मरम्मत की मांग**

बागपत, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने टटीरी-सूरजपुर संपर्क मार्ग की जर्जर हालत के विरोध में रविवार को अनोखा प्रदर्शन किया। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष देवकांत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सड़क पर बने गहरे गड्ढों में बैठकर लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि टटीरी-सूरजपुर मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। भाकियू कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सड़क की मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। उनका कहना था कि गड्ढों को तारकोल से भरने के बजाय अस्थायी रूप से सिरा रोड़ी डालकर भरा जाता है, जो कुछ ही दिनों में उखड़ जाती है।इस कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। धरना-प्रदर्शन के दौरान भाकियू जिला प्रवक्ता चौधरी हिम्मत सिंह ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की।उन्होंने जोर दिया कि गड्ढों को तारकोल से भरा जाए और पूरे मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन शुरू करेगा।

## जहानाबाद विधानसभा को मिली 1100 करोड़ की सौगात

**खजुहा में बाईपास तो रिंद पांडु समेत गंगा यमुना नदी में बनेंगे पक्के पुल**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के जहानाबाद विधानसभा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल द्वारा दिए गए प्रस्ताव को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पारित करते हुए विधानसभा को 1100 करोड़ की सौगात दी मिली जानकारी के अनुसार पूर्व काल में मुख्यमंत्री द्वारा प्रयागराज में मंडलीय कार्य योजना की बैठक ली गई थी जिसमें क्षेत्रीय विधायक द्वारा गंगा यमुना रिंद तथा पांडु नदी से बाधित होने वाली आवागमन की समस्या को लेकर पक्के पुल निर्माण हेतु प्रस्ताव दिया गया था जिसे संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए अधिकारियों को अगले माह कार्य प्रारंभ करने का दिशा निर्देश दिया



**अमौली खजुहा मार्ग का होगा चौड़ीकरण**

जनपद के जहानाबाद विधानसभा के अमौली कस्बे से बिंदकी तहसील को जाने वाला सीधा रास्ता ऐतिहासिक नगरी खजुहा में जुड़ता है जिसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 44 करोड़ का बजट पारित किया गया जल्द ही इस मार्ग का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा वही ऐतिहासिक नगरी खजुहा में आवागमन में बाधा सड़के जाम इत्यादि की समस्या को लेकर एक बाईपास निर्मित कराने का बजट पारित किया गया जिसमें 40 करोड़ रुपए की लागत से कस्बे में बाईपास का निर्माण कार्य संपन्न होगा ठीक इसी प्रकार दर्जनों और सडके क्षतिग्रस्त हैं जिन्हें भी इसी बजट में सुचारू रूप से सही करने का कार्य किया जाएगा यह जानकारी जैसे ही जनपद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को मिली तो सभी कार्यकताओं समेत क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई

## दीवार काटकर चोरों ने लगाई लाखों की चपत

**नगदी समेत सोने चांदी के आभूषण लेकर हुए रफू चक्कर**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मोहम्मदपुर में विगत रात्रि सोमवार प्रातः मंगलवार को चोरों ने घर की दीवार में सेंध लगाते हुए घर में रखे लाखों के जेवरात समेत 25000 रुपए नगद पार कर दिए मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण दिनेश गुप्ता के घर में चोरों ने वारदात की जहां जानकारी लेने पर पीड़ित की पत्नी शोभा गुप्ता ने बताया कि भोजन के पश्चात परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर सोए हुए थे वहीं बेटा तथा बहू छत में सो रहे थे मध्य रात्रि के समय चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध लगा दिया तथा घर में प्रवेश कर गए सुबह नींद खुलने पर देखा गया कि घर में सामान चारों तरफ बिखरा हुआ पड़ा था यह देख अफरा तफरी मच गई पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी विनोद पटेल एवं फॉरेंसिक टीम ने जांच प्रारंभ की घर के अंदर रखे दो बक्सों के ताले टूटे मिले जिसमें पीड़ित ने बताया कि सोने चांदी के सभी आभूषण तथा 25000 रुपए नगद रखे हुए थे जो सभी गायब है थाना प्रभारी ने जांच प्रारंभ की वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ की

## बाइक सवार गांजा तस्कर को प्रशासन ने किया गिरफ्तार

**पूछताछ एवं तलाशी के दौरान युवक के पास निकला डेढ़ किलो गांजा**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी योगेश कुमार द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एक बाइक सवार को संदिग्ध मानकर रोका गया थाना प्रभारी ने विगत दिवस सोमवार देर शाम नागा बाबा मंदिर के समीप घेराबंदी करते हुए एक बाइक सवार संदिग्ध को रोक लिया वही बाइक में सवार युवक से पूछताछ की गई तथा उसकी तलाशी ली गई 38 वर्षीय युवक ने अपना परिचय अनिल कुमार शुक्ला पुत्र श्याम सुंदर शुक्ला निवासी खेमकरनपुर थाना किशुनपुर के रूप में बताया वही युवक के पास मौजूद बैग में 1 किलो 609 ग्राम गांजा बरामद हुआ थाना प्रभारी ने आरोपी को हिरासत में लिया वहीं जानकारी लेने पर बताया कि युवक केखिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक करवाई करते हुए जेल भेज दिया गया

## स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

**सर्वाधिक नामांकन वाले विद्यालय प्रशस्ति पत्र से हुए पुरस्कार**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के प्रेक्षा ग्रह में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ धूमधाम से किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा की गई जहां कार्यक्रम में उपस्थित जिला अधिकारी में दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी द्वारा रवाना किया गया प्रेक्षा ग्रह सभागार अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में संपूर्ण जनपद के सभी विकास खण्डों में सर्वाधिक नामांकन करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए जिलाधिकारी ने उत्साह वर्धन किया वहीं जिलाधिकारी ने अपने संबोधन ने कहा कि विद्यालयों में अपना योगदान प्रदान कर रहे शिक्षक गणों ने जनपद को मजबूती प्रदान की जिसके लिए सभी शिक्षक धन्यवाद के पात्र हैं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने भी अपना संबोधन प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य ने जनपद की जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को पर्यावरण से परिपूर्ण एक पौधा पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर जनपद के सभी विकासखंड के शिक्षक एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।



## ऑनर किलिंग में मां और दो भाई गिरफ्तार

**मेरठ में बेटी अफशा की हत्या के बाद सबूत मिटाए थे**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , लोहियानगर थाना क्षेत्र में युवती अफशा की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।मुख्य आरोपी बड़े भाई आरिश को जेल भेजने के एक दिन बाद पुलिस ने मृतका की मां कासिफा और उसके दो अन्य भाइयों को भी गिरफ्तार कर लिया।पुलिस का आरोप है कि सभी ने हत्या के बाद सबूत मिटाने और घटना को छिपाने की कोशिश की।



### मां और दो भाइयों पर हत्या छिपाने का आरोप

सुबह करीब छह बजे हुई अफशा की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी मां कासिफा, तीसरे नंबर के भाई मोहम्मद कैफ और सबसे छोटे नाबालिग भाई को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, इन तीनों पर हत्या के बाद आरोपी को बचाने, साक्ष्य नष्ट करने और पुलिस को गुमराह करने का आरोप है।

### तहरीर नहीं मिलने पर पुलिस बनी वादी

घटना के बाद देर शाम तक किसी परिजन ने पुलिस को तहरीर नहीं दी। इसके बाद एसपी सिटी के निर्देश पर लोहियानगर थाने के दारोगा अमित मलिक की ओर से पुलिस वादी बनकर मुकदमा दर्ज कराया गया। एफआईआर में बड़े भाई आरिश, मां कासिफा और अन्य स्वजनों पर गोली मारकर हत्या करने, साक्ष्य छिपाने और पुलिस को समय पर सूचना न देने का आरोप लगाया गया।

### खून से सना कमरा धोया, फोरेंसिक ने जुटाए साक्ष्य

पुलिस जांच में सामने आया कि घटना के बाद परिजनों ने उस कमरे को पानी से धो दिया, जहां अफशा की हत्या हुई थी।इसके बावजूद फोरेंसिक टीम ने दीवारों, फर्श और कपड़ों से खून के नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस अब चाचा, ताऊ और अन्य रिश्तेदारों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड में किया जाएगा पेश

पुलिस ने मुकदमे में आवश्यक धाराएं बढ़ा दी हैं।नाबालिग आरोपी को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में जो भी व्यक्ति साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया जाएगा।

उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़, एक बदमाश को गोली लगी

**लूट के दो शातिर गिरफ्तार, दूसरा बाइक से गिरकर घायल**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,किठौर थाना क्षेत्र में तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका दूसरा साथी बाइक से गिरकर घायल हो गया।पुलिस ने दोनों शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से अवैध हथियार, लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह किठौर पुलिस गंगा ढाबा के पास निमार्णाधीन अंडरपास पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक और एक स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही दोनों भाग निकले, जिसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया।भागते समय स्कूटी सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी। दूसरा आरोपी भागने के दौरान मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया और



घायलों को अस्पताल भेजा।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सरूरपुर थाना क्षेत्र के रजापुर हसनपुर निवासी विपिन पुत्र जगपाल और परतापुर थाना क्षेत्र के महरौली निवासी विकास उर्फ रोहित उर्फ गुरु पुत्र महावीर के रूप में हुई है।आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, किठौर क्षेत्र से लूटी गई बाइक, वारदात में प्रयुक्त स्कूटी, हस्तिनापुर क्षेत्र से लूटा गया मोबाइल फोन और लूट के 10 हजार 800 रुपये नकद बरामद हुए हैं।पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी शातिर लुटेरे हैं। विकास उर्फ गुरु के खिलाफ मेरठ, हापुड़ और बुलंदशहर के थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत लगभग तीन दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

## गर्भ में लड़का है या लड़की, कार में करते जांच

**गाजियाबाद में मूविंग नर्सिंग होम पकड़ा; 10 हजार में जांच-20 हजार में अबॉर्शन**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,चलती कार में भ्रूण लिंग की जांच और गर्भपात कराने वाले गैंग के चार सदस्यों को पुलिस ने देर रात 2 बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। गैंग गाजियाबाद, दिल्ली और एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में घूमकर कार में ही महिलाओं के गर्भ में पल रहा बच्चा लड़का है या लड़की, इसकी जांच करता था।इसके लिए 8 से 10 हजार रुपए वसूले जाते थे। अगर कोई महिला गर्भपात कराना चाहती, तो उसे नर्सिंग होम ले जाकर झोलाछाप डॉक्टर के जरिए गर्भपात भी कराया जाता था। शहर कोतवाली क्षेत्र के नालकुआं रोड पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। रात करीब 12 बजे सीएमओ को मुखबिर से गैंग के बारे में सूचना मिली।इसके बाद सीएमओ के निर्देश पर नोडल अधिकारी की निगरानी में चार सदस्यीय टीम गठित की गई और कोतवाली पुलिस को भी कार्रवाई में शामिल किया गया।रात 2 बजे 9355 नंबर की चलती कार को रोककर तलाशी ली गई।कार में ड्राइवर समेत चार युवक सवार थे। तलाशी के दौरान पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और अन्य उपकरण बरामद हुए।इसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उपकरण जब्त कर लिए। कोतवाली रल्डड सचिन बालियान ने बताया कि रात करीब 12 बजे सीएमओ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चलती कार में भ्रूण लिंग की जांच कर रहे हैं।

उन्होंने एक महिला को जांच के लिए नालकुआं रोड पर



बुलाया है और 4ऋछ9355 नंबर की कार में उसका इंतजार कर रहे हैं।सीएमओ ने रात करीब 12:20 बजे यह सूचना कोतवाली पुलिस को दी।इसके बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची।रात करीब 2 बजे कार को रोककर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।8 से 10 हजार में जांच, 20 हजार में गर्भपातपुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान संदीप (35), सलमान (32), शाहिद (29) और तस्लीम (27) के रूप में हुई है। पूछताछ में संदीप ने बताया कि वही गैंग का मास्टरमाइंड है। वह पहले भी भ्रूण लिंग जांच के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी दिल्ली, गाजियाबाद और एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में घूमते थे।ग्राहकों से व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया जाता था। भ्रूण लिंग जांच के लिए 8 से 10 हजार रुपए लिए जाते थे और कार में ही अल्ट्रासाउंड कर रिपोर्ट बता दी जाती थी।

## मकान में बना रहे थे अवैध हथियार

**3 गिरफ्तार, सोशल मीडिया से होती थी सप्लाई, पिस्टल-मैगजीन, औजार बरामद**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , हुमायूं नगर इलाके में मकान के भीतर संचालित अवैध हथियार फैक्ट्री का लिसाड़ी गेट पुलिस और स्वाट टीम प्रथम (नगर) ने भंडाफोड़ किया है।पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से तैयार और अर्धनिर्मित पिस्टल, मैगजीन, हथियार बनाने के उपकरण और सप्लाई में इस्तेमाल होने वाली स्कूटी बरामद की है। पुलिस का दावा है कि आरोपी सोशल मीडिया के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर आसपास के जिलों में अवैध हथियारों की सप्लाई करते थे।



### एक महीने की निगरानी के बाद हुई कार्रवाई

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करीब एक महीने तक गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखी गई।मुखबिर की सूचना पर स्वाट टीम प्रथम और लिसाड़ी गेट पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी वसीम के ठिकाने पर छापा मारा, जहां मकान के भीतर अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित मिल गई।

### चार तैयार पिस्टल समेत हथियार बनाने का पूरा सामान बरामद

पुलिस ने वसीम, आफताब और नदीम को गिरफ्तार किया है।मौके से चार तैयार पिस्टल, पांच अर्धनिर्मित पिस्टल, दो मैगजीन, बड़ी संख्या में हथियारों के पुर्जे, ड्रिल मशीन, वेल्डिंग सामग्री, लोहे की प्लेटें और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए गए। इसके अलावा सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही सुजुकी एक्सेस-125 स्कूटी भी जब्त की गई।

### सोशल मीडिया पर भेजते थे हथियारों की तस्वीरें

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राहकों को हथियारों की तस्वीरें भेजकर सौदा तय करते थे। इसके बाद आसपास के जिलों में पिस्टलों की सप्लाई कर मोटा मुनाफा कमाते थे।पुलिस के मुताबिक गिरोह पिछले करीब तीन महीने से सक्रिय था। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर, नेटवर्क की जांच शुरूएसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि मुख्य आरोपी वसीम हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस अब गिरोह के पूरे नेटवर्क, हथियार खरीदने वालों, कच्चा माल उपलब्ध कराने वालों और आरोपियों की अवैध संपत्तियों की जांच कर रही है। दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में महिला से 15 लाख लूटे

**घर की दूसरी मंजिल पर चाकू दिखाकर बंधक बनाया, ज्वेलरी-कैश ले गया**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा की पैरामाउंट गोल फॉरेस्ट सोसायटी में महिला से लूट हो गई।यहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के विला में घुसकर अज्ञात बदमाश ने महिला को चाकू दिखाकर करीब 15 लाख रुपए की ज्वेलरी और नगदी ले गया। विला नंबर 126 में रहने वाली अपर्णा राय ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 3:30 बजे एक व्यक्ति चाकू लेकर उनके कमरे में घुस आया।बदमाश ने उनके साथ मारपीट की और उनके बच्चों को भी चाकू दिखाकर डराने की कोशिश की।बदमाश ने घर से सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और अन्य सामान लूट लिया।उसने उनके गले से चेन और हाथों से अंगूठियां भी छीन लीं।कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपए का सामान लूटा गया। बदमाश ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो उसके पास पिस्तौल भी है।घटना के बाद सुबह होते ही पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।घटना के समय विला में अपर्णा राय, उनके दो बच्चे और नीचे के फ्लोर पर सास-ससुर मौजूद थे।

## समाजवादी पार्टी ने शुरू की दादरी परिवर्तन यात्रा

**एक महीने तक साइकिल से गांव-गांव घूमकर लोगों से संवाद करेंगे सपा नेता**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव से समाजवादी पार्टी की दादरी परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ हो गया है।साइकिल रैली के रूप में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस यात्रा का शुभारंभ समाजवादी पार्टी युवा जनसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अक्षय चौधरी ने एक कार्यक्रम आयोजित कर किया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी युवा जनसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद शामिल हुए।यह यात्रा दादरी विधानसभा के प्रतिदिन पांच गांवों का दौरा करेगी।इसका नेतृत्व समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अक्षय चौधरी कर रहे हैं। इस दौरान किसानों, युवाओं, होमबायर्स और कच्ची कॉलोनियों से जुड़े मुद्दों पर लोगों से संवाद किया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस यात्रा को 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों का शुरूआती संकेत माना जा रहा है।इसके माध्यम से समाजवादी पार्टी दादरी विधानसभा में जनसंपर्क बढ़ाने और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का प्रयास कर रही है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मद फहद ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उन लोगों तक पहुंचेंगे जो विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं।



## ग्रेटर नोएडा में 20 लाख का हाथी दांत बरामद

**पुलिस-वन विभाग ने 2 तस्करों को दबोचा, सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में हाथी दांत की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को शाम पांच बजे गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 1.45 किलोग्राम (1450 ग्राम) हाथी दांत बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है बिसरख थाना प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस और वन विभाग की टीम ने गौर सिटी-2 स्थित न्यू हैबतपुर कब्रिस्तान के पास एक खाली प्लॉट में घेराबंदी की।इसी दौरान दो संदिग्ध वहां पहुंचे, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर दोनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1.45 किलो हाथी दांत बरामद हुआ।



### बुलंदशहर और गाजियाबाद के रहने वाले हैं आरोपी

पूछताछ में आरोपियों की पहचान राजेंद्र, निवासी ग्राम रिवाड़ा, थाना जहांगीराबाद (बुलंदशहर) और संदीप, निवासी खोडा कॉलोनी (गाजियाबाद) के रूप में हुई।पुलिस के अनुसार, दोनों वर्तमान में बस्ती जिले के ग्राम मुडियार, रुधौली क्षेत्र में रह रहे थे।

# निजी अस्पताल में प्रसूता व नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा, शव रखकर लगाया जाम

## इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप, अस्पताल का पंजीकरण भी बताया गया समाप्त

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर/हरदोई। बेहंदर क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान प्रसूता और उसके नवजात शिशु की मौत से मंगलवार को हड़कंप मच गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे तक चले जाम के कारण यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, कासिमपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर ब्रह्मनान गांव निवासी सीमा (पत्नी दिनेश कुमार) को मंगलवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर पहले बेहंदर ले जाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे कासिमपुर- बेहंदर मार्ग स्थित एसएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने भर्ती के समय फाइल चार्ज के नाम पर 2,500 रुपये वसूले। इसके बाद इलाज के दौरान 60 हजार रुपये और फिर 20 हजार रुपये अतिरिक्त जमा कराए गए। आरोप है कि इतनी बड़ी राशि लेने के बावजूद महिला को समय पर समुचित उपचार नहीं मिला। इलाज के दौरान सीमा ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई। इसके बाद उपचार के दौरान प्रसूता सीमा ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ मौके से चले गए, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं। उनके पति दिनेश कुमार दिल्ली में मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर के अधीक्षक डॉ. डी.पी. भारती ने बताया कि संबंधित निजी अस्पताल का पंजीकरण पहले था, लेकिन उसकी वैधता समाप्त हो चुकी है। अस्पताल ने पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा, मरीजों को मिला लाभ




अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद पटेल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। पिपरी और रेणुकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आनंद पटेल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है, इसलिए सभी को स्वच्छता और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज और सावधानी से बीमारी को रोका जा सकता है। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सेवा का विशेष लाभ नगर और आसपास के क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोग उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन मरीजों को राहत मिलती है जिन्हें आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पाता।

# रेणुकूट के अमित चौबे को मिला नेशनल सोशल इंपैक्ट अवार्ड

### संवेदना-2 अभियान के आयोजकों को मिला वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड्स द्वारा सम्मान




अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट/सोनभद्र , रक्तदान को जनआंदोलन बना चुकी सामाजिक संस्था निफा ने प्रदेश भर की संवेदना-2 अभियान में रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली संस्थाओ के लिए 28 जून का दिन ऐतिहासिक बना दिया। प्रदेश भर के रक्तवीरों को मानवता की सेवा और रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में निफा उ0प्र0 द्वारा आयोजित संवेदना -2 सम्मान समारोह में देश, प्रदेश भर से जुटे रक्तदानियो को रक्तदान शिविरों के आयोजन, जागरूकता अभियान और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए निफा (ठकऋअअ) की ओर से नेशनल इम्पैक्ट सोशल अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 बबिता सिंह चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग (उ0प्र0) वैश्य नटवर गोयल राज्य मंत्री लघु उद्योग निगम एवं विशिष्ट अतिथि प्रो0 राजकुमार मित्तल वाइस चांसलर लखनऊ संजय पांजवानी वाइस चेयरमैन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड, डॉ0 अश्विनी शेट्टी नेशनल प्रेसिडेंट निफा सोटो के जॉइंट डायरेक्टर डॉ हर्षवर्धन द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने यह सम्मान प्रदान करते हुए सभी रक्तवीरों के कार्यों की उन्मुक्त कंठ से सराहना की। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष रूप से रक्तदान एवं अंगदान को और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दूबे सहित निफा परिवार के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा। संवेदना -2 के नेशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिलीप दुबे ने अतिथियों का स्वागत भाषण दिया वही डॉ अश्विनी शेट्टी ने संवेदना अभियान के रूपरेखा से सदन को अवगत कराया उल्लेखनीय है कि नेशनल इम्पैक्ट सोशल अवॉर्ड भारत एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड अवॉर्ड इंग्लैंड का एक प्रतिष्ठित सम्मान है जो सामाजिक कल्याण, सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी), शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतरीन और सकारात्मक बदलाव लाने वाले समाजसेवियों को दिया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दूबे ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया

खास समाचार

# करमा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक करमा सूर्यभान के नेतृत्व में थाना करमा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना करमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-126/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त गुण्डा यादव उर्फ रामकेश पुत्र झल्लर यादव उर्फ श्यामलाल, निवासी ग्राम बहेरा, थाना करमा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 26 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 06.07.2026 को समय 10:35 बजे मदैनिया मोड़, थाना करमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# दुद्धी साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी के शिकार महिला के खाते में 11,630 की धनराशि कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी वी0पी0 साहनी के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना दुद्धी की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर ठगी के शिकार महिला की धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया गया। आवेदिका मीना देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम मझौली, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र के बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा एक फर्जी लिंक के माध्यम से कुल 60,000 की धोखाधड़ी कर ली गई थी। घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा एनसीआरपी (ठउफढ) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित कर 46,902.23 की धनराशि होल्ड कराई गई। तत्पश्चात माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर होल्ड की गई धनराशि में से 11,630 सफलतापूर्वक आवेदिका के बैंक खाते में वापस कराई गई।

# पिपरी पुलिस द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित/मफरूर/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन तथा थानाध्यक्ष पिपरी राजेश जी चौबे के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 05.07.2026 को चौकी प्रभारी रेनुकूट उ0नि0 जितेन्द्र सरोज मय पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0-3487/2005, धारा 379/411 भादवि से संबंधित लंबे समय से फरार चल रहे मफरूर अभियुक्त अलख सोनी पुत्र गरीब चन्द्र सोनी, निवासी चित विश्राम, थाना नगर उटारी, जनपद गढ़वा (झारखण्ड), हाल पता- झोपड़ी, शिवा पार्क, रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 61 वर्ष को चितविश्राम, नगर उटारी से दिनांक 05.07.2026 को समय 22:40 बजे गिरफ्तार किया गया।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में जुलाई महीने के प्रथम शनिवार को न होकर सोमवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह आदि ने 119 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 113 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02-सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके उप जिलाधिकारी सदर अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 36 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

# नकली शराब बनाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को 25 लाख की सामग्री और ट्रेलर के साथ किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने और बिहार में उसकी सप्लाई करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में शराब निर्माण सामग्री, 600 लीटर रेक्टिफाइड स्पिरिट, कैरेमल, फ्लेवरिंग एसेंस, 36 हजार कांच की शराब की बोतलें तथा एक ट्रेलर वाहन समेत लगभग 25 लाख रुपये की संपत्ति बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज श्री रामस्वरूप वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र के ग्राम बट्ट स्थित मामा ढाबा परिसर में एक ट्रेलर संख्या ठछ01अअ9920 खड़ा है, जिसमें अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री लदी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए ट्रेलर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रेलर से 200-200 लीटर क्षमता के तीन प्लास्टिक ड्रमों में कुल 600 लीटर रेक्टिफाइड स्पिरिट, लगभग 46 किलोग्राम कैरेमल, पांच लीटर फ्लेवरिंग एसेंस, 160 यूनाइटेड स्पिरिट ब्रांड के पैकिंग टेप तथा 36 हजार विभिन्न आकार की कांच की शराब की बोतलें बरामद हुईं। इसके अलावा मौके से ट्रेलर वाहन को भी कब्जे में लिया गया। पुलिस के अनुसार बरामद सामग्री का इस्तेमाल नकली शराब तैयार करने और प्रतिष्ठित कंपनियों की ब्रांडिंग कर उसे असली शराब के रूप में बेचने के लिए किया जाना था। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों हरिओम पंवार पुत्र सतबीर निवासी ग्राम खाचरोली, थाना शालावास, जनपद झज्जर (हरियाणा) तथा दिनेश पंवार पुत्र दिलबाग सिंह निवासी ग्राम खाचरोली, थाना शालावास, जनपद झज्जर (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे पंजाब के खन्ना, जिला लुधियाना से शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री लेकर बिहार-झारखंड सीमा के हरिहरगंज क्षेत्र जा रहे थे। वहां इन सामग्रियों को मिलाकर नकली शराब तैयार की जाती थी और प्रतिष्ठित शराब कंपनियों के नाम और पैकिंग का इस्तेमाल कर उसे बिहार में असली शराब बताकर बेचा जाता था।

# चेयरमैन ने नारियल तोड़कर किया सीसी रोड का शिलान्यास, वर्षों पुरानी समस्या से मिलेगी मुक्ति



अमन लेखनी समाचार

डाला बाजार (सोनभद्र)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या 07 में विकास कार्यों को गति देते हुए सोमवार को चेयरमैन द्वारा एक महत्वपूर्ण सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वार्ड 07 के मुख्य मार्गों में से एक, मेवालाल के घर से लेकर धोबिया नाले तक बनने वाली इस सीसी रोड का चेयरमैन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। गौरतलब है कि लगभग 200 मीटर लंबी यह सड़क पिछले काफी लंबे समय से अत्यंत जर्जर स्थिति में थी। मुख्य मार्ग होने के कारण इस पर जलजमाव और कीचड़ की वजह से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड वासियों द्वारा इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन फूलवंती कुमारी ने कहा कि नगर पंचायत के हर वार्ड का सर्वांगीण विकास और बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मुख्य मार्ग के बनने से वार्ड नंबर 07 के सैकड़ों लोगों को आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कार्य को पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर सड़क निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद नितेश कुमार, लिपिक ऋषि कुमार व विनय कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और वार्ड वासी उपस्थित रहे। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर सभी उपस्थित जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए चेयरमैन का आभार जताया।


# राममंदिर चढ़ावा चोरी काण्ड, पेपर लीक, कानून व्यवस्था और अन्य सवालों को लेकर प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकताओं ने राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मुख्य मार्ग से जुलूस निकाल कर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति से त्वरित कार्रवाई करने की मांग का ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। जहां धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकपा उत्तर प्रदेश के राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड आर के शर्मा ने कहा कि.. करोड़ हिंदुओं के आस्था केंद्र अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा व दान की धनराशि को तथा कथित सनातनियों ने लूट कर उनकी आस्था के साथ विश्वास घात किया है। उन्होने मोदी सरकार को भी घेरते हुए कहा कि ₹₹ जो राम को लाए थे, वह खा गए भक्तों के दान को ₹₹ ... राम मंदिर लूट कांड में शामिल सभी चोर राम मंदिर न्यास समिति में भारत सरकार द्वारा नामित किए गए थे। इससे साबित होता है की राम मंदिर लूट कांड का सीधा संबंध भारत सरकार से है। घटना की प्राथमिक की न दर्ज कराए बिना एस आई टी की नियुक्ति किसी साजिश की तरफ इशारा करती है। एस आई टी द्वारा बड़े चोरों को बचाया जाना राम मंदिर लूट कांड में शामिल अपराधियों और भारत सरकार के संबंधों का उजागर करता है। घटना की लीपापोती भी संबंधों की गवाही देता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि..अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा लूट कांड घतना की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक आयोग का गठन कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। राम मंदिर चढ़ावा चोरों को तत्काल गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए साथ ही लूट कांड में संयुक्त रहे किसी भी चोर को बक्सा ना जाए राम मंदिर चढ़ावा लूट कांड की पूरी धनराशि को चोरों से बरामद कर जनहित में खर्च किया जाए। भाकपा के जिला सह सचिव कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा ने कहा... विगत दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र के कोचिंग सेंटर अग्निकांड में 18 छात्रों की हुई, इस दर्दनाक मौतों पर प्रधानमंत्री का चुप रहना और प्रदेश के मुख्यमंत्री का मृतकों के परिवारवालों से ये कहना कि ₹ अब और भाषण नहीं ₹ इस सच्चाई की तरफ इशारा है कि प्रदेश सरकार इस अग्निकांड की घटना पर पानी डालने की साजिश में लगी है। नीति आयोग की घोषित रिपोर्ट के अनुसार अब तक एक लाख प्राथमिक विद्यालय बन्द कर दिए गए हैं उसमें अध्ययनरत तीन करोड़ पचास लाख बच्चे कहां गये, किस शिक्षण संस्थान में उनका दाखिला कराया गया अब तक पता नहीं है। प्रदेश में 465 इन्टर कालेजों, सैकड़ों महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों को बन्द कर दिया गया है या ऊनकी मान्यता रद्द कर दी गई है उसमें कार्यरत लाखों अध्यापकों, प्रवक्ताओं, प्रोफेसरों की आजीविका को समाप्त करके, करोड़ों -- करोड़ छात्रों को शिक्षा से संचित करके उनको गुलाम बनाने की साजिश की जारही है। पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष कामरेड प्रेम चंद गुप्ता ने कहा कि...बढ़ती मंहगाई, बिजली के निजीकरण, सरपट भागते स्मार्ट मीटर, पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती हुई कीमतें, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों पर हो रही अत्याचार की घटनाएं, सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते खाद व बीज का बाजार से गायब होना, किसानों, मजदूरों की खस्ता हालत, कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति, प्रदेश सरकार की बुलडोजर संस्कृति सभी आम आदमी की चिन्ता के सबब बने हुए हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर भाजपा का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल के बंधन मैरेज हाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। 23 जून से चल रहे स्मरण पखवाड़ा के समापन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रवादी विचारों को याद किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचार और संस्कार पर आधारित संगठन है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी व्यवस्था का पुरजोर विरोध करते हुए एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का उद्घोष किया था। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिया गया उनका बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। मुख्य वक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार करने का कार्य किया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर देश की एकता को और अधिक मजबूत किया गया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। आने वाले विधान सभा चुनावों में जनपद की सभी विधान सभाओं में कमल खिलाये। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी ज्यादा है क्योंकि आपके क्षेत्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी जी है। उनका मान रखने के लिए निष्ठा से पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए हर बूथ पर कमल का संकल्प लेकर जाय। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकताओं के समर्पण के बल पर ही पार्टी लगातार नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है।

# डोगिया नाला नाव घाट की नीलामी सम्पन्न, अशोक कुमार निषाद को मिला ठेका



अमन लेखनी समाचार

पिपरी (सोनभद्र)। रिहन्द बांध सिविल खंड पिपरी, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के निर्देश पर शनिवार को खंडीय कार्यालय परिसर में रिहन्द जलाशय की एफआरएल 880 फीट सीमा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश क्षेत्र स्थित डोगिया नाला नाव घाट की वर्ष 2026-27 के लिए नीलामी सम्पन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया का संचालन सहायक अभियंता एवं जिलेदार संजय चौबे की देखरेख में किया गया। नीलामी में अशोक कुमार निषाद, सचिव ओबरा निषाद नाविक एवं मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड ओबरा, राम मनोज जलछत्री मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड सलखन तथा अच्छेलाल किसान मछुआ मत्स्य समिति लिमिटेड कुशमाहा, म्योरपुर ने प्रतिभाग किया। प्रतिस्पर्धी बोली के दौरान अशोक कुमार निषाद ने सर्वाधिक 1 लाख 22 हजार रुपये की बोली लगाकर डोगिया नाला नाव घाट का ठेका प्राप्त किया। वहीं राम मनोज दूसरे स्थान पर रहे। नीलामी की प्रक्रिया विभागीय नियमों के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर शिव आधार निषाद, शिवनारायण यादव सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



# दिलजीत को झटका बैन हुई फिल्म सतलुज

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

लाइफStyle



# नीति बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस मे अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हे सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# मैं अभी भी सीख रही हूं...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हू, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।




# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई।** पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शलिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी मे हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।



# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल



**मुंबई ।** श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हू मै, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मै कहती हू इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हे बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।

# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।

सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म में अहम किरदार निभा रही एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इस हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रोशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।






**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्राम बाल्टी चर कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।